

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 13 अगस्त 2024 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-137 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### प्रयागराज के लिए सीधी हवाई सेवा 16 अगस्त से

**रायपुर,13 अगस्त।** प्रदेश के हवाई यात्रियों को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से प्रयागराज के लिए डायरेक्ट फ्लाइट 16 अगस्त से मिलेगी. पहले दिन के लिए रायपुर से प्रयागराज जाने का फेयर 5000 रुपए तथा वापसी की टिकटें 4400 रुपए में मिल रही हैं. एयरलाइंस इंडिगो ने रायपुर-प्रयागराज-रायपुर सेक्टर में एटीआर विमान के संचालन की तैयारियां की है. यह उड़ान रोजाना संचालित की जाएगी. दोनों सेक्टर में टिकटों की बुकिंग की शुरुआत 4 हजार रुपए से हुई थी.

### 14 अगस्त को देशभर में मनेगा विभीषिका दिवस

**रायपुर,13 अगस्त।** 14 अगस्त को देश के विभाजन की विभीषिका दिवस मनाया जाएगा. इस दौरान विभाजन के तथ्य से जनता को रू-ब-रू कराया जाएगा. मेडिकल कॉलेज में देश के विभाजन से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई जाएगी. संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा. कार्यक्रम में सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी मौजूद रहेंगे. इस बात की जानकारी भाजपा विधायक राजेश मूणत ने दी. तिरंगा यात्रा पर प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए विधायक राजेश मूणत ने बताया कि पश्चिम विधानसभा में तिरंगा मोटरसाइकिल यात्रा निकाली जाएगी. 14 अगस्त को दोपहर 3 बजे दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम से यात्रा निकलेगी. आजादी के महापर्व में उत्सव के साथ मनाया जाएगा. दोपहर 4 बजे राम नगर से डेढ़ किलोमीटर का झंडा लेकर यात्रा निकलेगी. बच्चों को वेशभूषा पहनाकर तिरंगा यात्रा निकालेंगे. भारत माता चौक में यात्रा संपन्न होगी. विधायक मूणत ने बताया कि भारत माता चौक में आरती का कार्यक्रम किया जाएगा. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी कार्यक्रम में शामिल होंगे. पूर्व सांसद रमेश बैस, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित विधायक मौजूद रहेंगे. भाजपा संगठन के वरिष्ठ नेता भी शिरकत करेंगे.

### छत्तीसगढ़ में शुरू होगी देश की पहली लिथियम माइंस

**रायपुर,13 अगस्त।** साय सरकार छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले के कटघोरा में जल्द लिथियम की माइंस शुरू करने जा रही है. यह देश की पहली लिथियम की माइंस होगी. इसकी जानकारी कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दी. उन्होंने बताया कटघोरा में लिथियम का भंडार है. यह माइंस लगभग ढाई सौ हेक्टेयर में होगी. इसके लिए नीलामी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. मंत्री श्यामबिहारी ने बताया, विश्व में लिथियम का भंडार बहुत सीमित है. भारत में छत्तीसगढ़ के अलावा जम्मू कश्मीर में ही लिथियम का भंडार मिला है. छत्तीसगढ़ के बस्तर में लिथियम की संभावना है।

### बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**नई दिल्ली,13 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ अवमानना का केस बंद कर दिया है. रामदेव और बालकृष्ण ने लिखित में माफी मांगी और कहा कि आगे से गुमराह करने वाले विज्ञापनों और पतंजलि के उत्पादों को लेकर भ्रामक दावे नहीं किए जाएंगे. भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था. सुप्रीम कोर्ट को पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने सूचित किया कि उन 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी है, जिनके निर्माण लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने अप्रैल में निलंबित कर दिए थे. कंपनी ने जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ को बताया था कि उसने 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर को इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है.

## संतों को बदनामी की चिंता नहीं करनी चाहिए

### फर्जी बाबा कहे जाने वाली शंकराचार्य की याचिका पर हाईकोर्ट ने कहा

**नई दिल्ली,13 अगस्त।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा गोविंदानंद सरस्वती के खिलाफ दायर मानहानि मामले में अंतरिम निषेधाज्ञा के बारे में नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नवीन चावला की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि संतों को बदनामी की चिंता नहीं करनी चाहिए और सुझाव दिया कि सम्मान और प्रतिष्ठा कार्यों से आती है, कानूनी लड़ाई से नहीं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को गोविंदानंद सरस्वती के खिलाफ नागरिक मानहानि का मुकदमा दायर किया, इन आरोपों के बाद कि वह एक फर्जी बाबा हैं और उन्हें कांग्रेस पार्टी से राजनीतिक समर्थन प्राप्त है।

बार एंड बेंच ने अपनी खबर में न्यायमूर्ति नवीन चावला के



हवाले से कहा कि इनका स्वाद ख़राब है। मुझे लगता है कि वह बस निराश है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई मानहानि है। आप एक संत हैं. आप इस बारे में चिंतित क्यों हैं? संतों को इस सब से चिंतित नहीं होना चाहिए. इससे उन्हें बदनाम नहीं किया जा सकता. संत अपने कर्मों से सम्मान पाते हैं। सुनवाई के समापन पर, अदालत ने अंतरिम निषेधाज्ञा आवेदन के संबंध में एक नोटिस जारी किया और मामले की आगे की सुनवाई 29 अगस्त को निर्धारित की। उन्होंने यह भी कहा कि गोविंदानंद ने अविमुक्तेश्वरानंद पर अपहरण, हिस्ट्रीशीटर होने, 7,000 करोड़ का सोना चुराने और साध्वियों के साथ अवैध संबंध रखने सहित गंभीर आपराधिक गतिविधियों का आरोप लगाया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के वकील ने स्पष्ट किया कि हालांकि गोविंदानंद सरस्वती ने दावा किया कि अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ आपराधिक मामले थे, लेकिन अखिलेश यादव सरकार के दौरान दायर एकमात्र प्रासंगिक मामला बाद में योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा वापस ले लिया गया था।

## ममता सरकार को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

**कोलकाता,13 अगस्त।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल को सरकारी अस्पताल के सेमिनल हॉल के अंदर एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के संबंध में पूछताछ करने वाला पहला व्यक्ति होना चाहिए था। अपराध पर कई जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, पीठ ने राज्य सरकार के वकील से सवाल किया कि प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को उनके इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद दूसरे कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में क्यों नियुक्त किया गया था। कोर्ट ने प्राचार्य को त्यागपत्र देने का आदेश दिया। अदालत ने राज्य के वकील से कहा, आप उसे क्यों बचा रहे हैं



उसका बयान दर्ज करें। वह जो भी जानता है उसे बताने दें। अदालत ने बलात्कार और हत्या को इतना वीभत्स भी कहा। अदालत ने कहा कि हम प्रेस का मुंह नहीं बंद कर सकतेज्आप (राज्य) डॉक्टरों को क्या आश्वासन दे रहे हैं वे आहत हैं। हादसा बहुत वीभत्स है। उनका (डॉक्टरों का) अपनी भावनाओं को व्यक्त करना उचित है। डॉ घोष ने महिला की मौत की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए सोमवार को इस्तीफा दे दिया. कुछ ही घंटों बाद उन्हें सीएनएमसी कॉलेज का प्रिंसिपल नियुक्त किया गया। पीड़िता के शरीर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके निजी अंगों के अंदर गहरे घाव का पता चला है। उसकी आंखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट्स से खून बह रहा था।

## जतमई घटारानी से लौट रहे पर्यटकों से भरी पिकअप पलटी, महिला की मौत, 11 घायल

**बलौदाबाजार,13 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. जतमई घटारानी घूमने गए पर्यटकों से भरी पिकअप वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गई. इस हादसे में 11 लोग घायल हो गए, जबकि एक महिला की मौत हो गई. घटना के बाद सभी दर्शनार्थियों में चीख पुकार मच गई. दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया गया.

यह घटना सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम दरचुरा हाईवे मार्ग पर हुई है. जानकारी के अनुसार, सिमगा थाना क्षेत्र के करहुल गांव के लोग सोमवार को जतमई घटारानी के दर्शन करने गए हुए थे. घूमने के बाद पिकअप में 20 से अधिक लोग सवार होकर वापस घर लौट रहे थे. इस दौरान घर पहुंचने के पहले ही ग्राम दरचुरा हाईवे मार्ग पर रात करीब 12 बजे के आसपास पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गई.

हादसे में कामिनी साहू उम्र 50 वर्ष करहुल गांव निवासी की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं बच्चे समेत 11 लोग घायल हैं. स्थानीय लोगों की सूचना पर सिमगा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को सिमगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है. घायलों में 6 वर्ष की एक बच्ची, 4 महिलाएं, और 6 पुरुष शामिल हैं. सभी ग्राम करहुल के निवासी हैं. सिमगा पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है. दुर्घटनाग्रस्त पिकअप का नंबर सीजी 25 H 5732 है.

### डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को मिली 21 दिन की फरलो

**चंडीगढ़,13 अगस्त।** हरियाणा सरकार ने एक बार फिर रेप और मर्डर केस में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम पर मेहरबानी दिखाते हुए उसे 21 दिन की फरलो दी है। विधानसभा चुनाव से पहले राम रहीम को यह फरलो दी गई है, जिसके बाद वह सुनारिया जेल से बाहर आ गया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) की उस याचिका का निपटारा किया था, जिसमें राम रहीम की अस्थायी रिहाई को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने कहा था कि अस्थायी रिहाई की याचिका पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा बिना किसी पक्षपात के विचार किया जाना चाहिए।

## सेफ्टी नहीं तो ड्यूटी नहीं, पूरे देश में डॉक्टरों की हड़ताल

**कोलाकाता,13 अगस्त।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के बाद पूरे देश में डॉक्टर हड़ताल कर रहे हैं। कई जगहों पर अस्पतालों में केवल इमर्जेंसी सेवाएं ही उपलब्ध हैं, वहीं ओपीडी पूरी तरह ठप हो गई है। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर असोसिएशन ने कल देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था जिसका असर आज दिखाई पड़ रहा है। असोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र भी लिखा था और अब तक के इतिहास में किसी रेजिडेंट के साथ सबसे बर्बर हादसा बताया था। FORDA की मांग है कि ऐसे सभी अधिकारियों और व्यक्तियों को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए जो महिला डॉक्टर की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी थे। इसके अलावा यह भी मांग की गई है कि प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों पर किसी तरह की कार्रवाई ना की जाए। वहीं उनकी सुरक्षा की भी व्यवस्था की जाए। डॉक्टरों के संगठन ने स्वास्थ्य मंत्री से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सुरक्षा का आश्वासन मांगा है। कोलकाता के ज्यादातर अस्पतालों के डॉक्टर हड़ताल पर हैं। ऐसे में मरीजों की भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज में भी सुबह डॉक्टरों ने मार्च निकाला। वहीं ओपीडी सेवाएं ठप हो गईं। मरीज और उनके रिश्तेदार ओपीडी के आसपास भटकते रहे लेकिन वहां ताला लटकता रहा। पटना मेडिकल कॉलेज की तस्वीर सामने आई जहां बड़ी संख्या में मरीज ओपीडी के बाहर ही बैठे रहे। इलाज के लिए डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। मुंबई के कई बड़े अस्पतालों के डॉक्टरों ने भी विरोध में हिस्सा लिया।

## 75% लोग मानते हैं कि खर्च बढ़ा और आय घटी: आरबीआई

**मुंबई,13 अगस्त।** देश की आर्थिक स्थिति पर लोगों का विश्वास लगातार तीसरे महीने घट रहा है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा उपभोक्ता संवेदी सूचकांक के अनुसार, मार्च 2023 में 98.5% लोगों ने मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों पर भरोसा जताया था. यह संख्या मई 2023 में घटकर 97.1% और जुलाई 2023 में 93.9% रह गई. कोविड के दौर में, मई 2021 में यह आंकड़ा 48.5% था, और उसके बाद तीन वर्षों तक लोगों का विश्वास बढ़ा था, लेकिन अब फिर से इसमें कमी आ रही है. आरबीआई हर दो महीने में यह सर्वे कराता है. इस बार भोपाल, रायपुर, अहमदाबाद जैसे 19 राज्यों के प्रमुख शहरों में लगभग 6,000 लोगों के बीच यह सर्वे किया गया. सर्वे के अनुसार, लोगों की आय बढ़ने के बजाय घट रही है. सितंबर 2023 के बाद पहली बार ऐसा देखने को मिला है. जनवरी 2024 में 68.6% लोग ऐसा मानते थे, जो अब बढ़कर 75.8% हो गए हैं. लोगों का कहना है कि प्रतिकूल हालात के कारण खर्च बढ़ रहा है और नौकरियों के अवसर घट रहे हैं. जरूरी वस्तुओं की कीमतें पहले से ज्यादा हो चुकी हैं. आरबीआई के घरेलू महंगाई सर्वे के अनुसार, घरेलू उपयोग की वस्तुओं की कीमतें घटने की उम्मीद कम है.

## एनएमसी की सख्ती, सिम्स की 30 एमबीबीएस सीटें रद्द

**बिलासपुर,13 अगस्त।** डॉक्टरों और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) की एमबीबीएस की 30 सीटों की मान्यता रद्द कर दी है. जिसके बाद इस सत्र मेडिकल कॉलेज में 180 की जगह केवल 150 सीटों पर ही एमबीबीएस के लिए एडमिशन होगा. बताया जा रहा है, कि एनएमसी की टीम ने पहले ही सिम्स प्रबंधन को आगाह कर दिया था, कि संसाधनों और फैकल्टीज को सुधार नहीं की गई, तो सीटों की मान्यता घटा दी जाएगी. इसके बाद भी सिम्स प्रबंधन ने कमियों को दूर नहीं किया. जिसकी वजह से एनएमसी ने 30 सीटों की मान्यता वापस ले ली. छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के साथ बिलासपुर में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए सिम्स की शुरुआत हुई थी, सिम्स प्रदेश का पुराना मेडिकल कॉलेज है, लेकिन स्थापना बाद से ही यहां फैकल्टी की कमी बनी हुई है. मरीजों की दी जा रही सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं हैं. लगातार कर्मचारियों की भर्ती करने की मांग उठ रही है. लेकिन, प्रबंधन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते यहां वर्षों से भर्ती प्रक्रिया अटकी हुई है. जिसके चलते सिम्स की मान्यता पर तलवार लटकी रहती है. एनएमसी से सिम्स प्रबन्धन को मिले पत्र के अनुसार, सत्र 2024 25 में 150 सीटों पर ही एमबीबीएस के लिए स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा. इसमें 10 प्रतिशत सीट ईडब्ल्यूएस के होंगे. बता दें, कि सिम्स में 180 सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई हो रही थी. इसमें 150 सीटें सेंट्रल और स्टेट कोटे की तो 30 सीटें ईडब्ल्यूएस की थी. जानकारों के मुताबिक सिम्स में एमबीबीएस की घटाई गई.

## पिकअप ने छात्रा को मारी टक्कर, मौत

**बालोद,13 अगस्त।** बालोद जिले में एक तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल सवार छात्रा की टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है। अर्जुंदा थाना क्षेत्र के परसतराई गांव और बोरगाहन गांव के बीच एक तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल सवार छात्रा की टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्राम परसतराई निवासी याचना देशमुख (19) अपने घर से साइकिल पर अर्जुंदा स्थित कॉलेज जाने के लिए निकली थी। इस दौरान पिकअपन ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि घटना के बाद जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पिकअप की हालत देखकर दंग रह गई। पिकअप वाहन के भी परखच्चे उड़ गए। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार पिकअप में चालक के अलावा उनकी पत्नी व एक बच्चा भी मौजूद था, जो सुरक्षित हैं। याचना देशमुख अपने पिता टिकेश्वर देशमुख और माता की इकलौती बेटी थीं। उनका एक छोटा भाई भी है। घटना के बाद मृतका के गांव में मातम छा गया। वहीं, माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के पिता किसानी कार्य करते हैं। घटना के बाद अर्जुंदा थाना पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## जमीन में गाड़कर रखे नक्सलियों के 38 लाख कैश बरामद



**धमतरी,अगस्त।** छत्तीसगढ़ और ओडिशा सीमा पर सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की घटना सामने आई है। खबरों के अनुसार धमतरी से सटे गरियाबंद और ओडिशा बॉर्डर के पास शोभा थाना क्षेत्र के जंगलों में हुई इस मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से करीब 80 राउंड गोलीबारी हुई है। जानकारी के अनुसार पुलिस बल की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इलाके की सर्चिंग की, जिसमें 38 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। इस रकम में से 10 लाख रुपये पुराने 2000 के नोट थे, जिन्हें जमीन के नीचे दफनाकर रखा गया था। सर्चिंग के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में यूबीजीएल (अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर), डेटोनेटर और बारूद भी बरामद किया। यह बरामदगी नक्सलियों की बड़ी योजना को विफल करने में महत्वपूर्ण साबित हुई है। धमतरी और गरियाबंद की संयुक्त डीआरजी टीम ने इस ऑपरेशन में सफलता प्राप्त की है।

## शादी का सामान खरीदने डिप्टी कलेक्टर मैडम सरकारी गाड़ी में जाती हैं दुर्ग-रायपुर!

**ड्राइवर ने की अपर कलेक्टर से शिकायत**

**बालोद,13 अगस्त।** बालोद जिला में महिला अधिकारी के निजी काम के लिए सरकारी वाहन के उपयोग करने का मामला सामने आया है. अनुविभागीय अधिकारी के ड्राइवर ने अपर कलेक्ट को लिखित शिकायत में बताया कि मैडम सरकारी वाहन से शादी का सामान खरीदने के लिए रायपुर, दुर्ग-भिलाई आना-जाना कर रही हैं, यही नहीं अपनी प्राइवेट कार में सरकारी राशि से पेट्रोल भी भरवा रही हैं. अपर कलेक्टर ने शिकायत की जांच कराने की बात कही है.

दरअसल, शिकायतकर्ता कमल किशोर गंगराले गुरुर अनुविभागीय अधिकारी की सरकारी गाड़ी चलाता है. 22 जुलाई से पूर्व अनुविभागीय अधिकारी पूजा बंसल की अवकाश (छुट्टी) पर चले जाने से उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर को प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी बनाया



गया है. शिकायतकर्ता के अनुसार, पदभार ग्रहण करने के अगले ही दिन 23 जुलाई को अधिकारी सरकारी वाहन CG 02 H0042 में ड्राइवर को साथ लेकर दुर्ग-भिलाई और रायपुर स्थित शॉपिंग मॉल खरीदारी की. रात में भिलाई स्थित अपने घर पर रुक गई. इसके बाद ड्राइवर अधिकारी और गाड़ी को छोड़ रात 11 बजे बस से बालोद लौट गया. 5 दिन बाद 27 जुलाई को फिर इस सरकारी वाहन से ड्राइवर को रायपुर ले जाकर अपना पर्सनल काम कर रात में भिलाई निवास में रुक गई. ड्राइवर फिर गाड़ी छोड़कर बस से रात में बालोद लौट गया. 29 तारीख को महिला अधिकारी ने अपनी प्राइवेट कार को सरकारी बताकर 50 लीटर पेट्रोल भरवा लिया. इसका रिकॉर्ड सरकारी दस्तावेज लॉग बुक में चढ़ाने पर ड्राइवर ने जब अधिकारी से पूछा तो उसे बिना कोई जवाब दिए, गाड़ी चलाने से हटा दिया. इस पूरे मामले को लेकर ड्राइवर कमल किशोर गंगराले ने अपर कलेक्टर से शिकायत की है. ड्राइवर की शिकायत पर जब अनुविभागीय अधिकारी प्राची ठाकुर का पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो उन्होंने मीडिया में कोई भी बयान देने से साफ इंकार कर दिया. वहीं मामले में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक का कहना है कि अधिकारी के खिलाफ शिकायत आई है. आधिकारिक कथन लिया जाएगा. उन्होंने दोनों पक्षों को सुनने के बाद नियमानुसार कार्रवाई का बात कही है.

**अलविदा : आधुनिक ग्रीष्मककालीन ओलंपिक खेल पेरिस 2024,आयोजकों को हार्दिक बधाई** jasclaudius@gmail.com

## अनुशासन, सतर्कता, सहयोग ने पहुंचाया मंजिल पर

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

33वें आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का सफल आयोजन पेरिस, फ्रांस में 26 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक हुआ। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद के द्वारा मान्यता प्राप्त में से 206 देशों, संगठनों की टीम के 10714 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। पेरिस ओलंपिक खेलों 2024 का शुभंकर टोपी है जिसे ओलंपिक फ्रीज कहते हैं यह नीले, सफेद, लाल रंग में सजा हुआ है। वास्तव में यह तीन रंग फ्रांस के प्रसिद्ध तिरंगे झंडे का प्रतीक है। इस ओलंपिक का सिद्धांत खेलकूद व्यापक रूप से खुला हुआ है। आधुनिक ओलंपिक खेलों के आयोजन की शुरुआत 1896 में हुई। 2024 तक हुए 33 खेल में से पेरिस,फ्रांस में आयोजन का यह तीसरा मौका था। 1900 में पेरिस में पहली बार हुए ओलंपिक खेलों में 19 खेल में 24 देशों के 1198 प्रतिभागी शामिल हुए। पेरिस में सम्पन्न दूसरा आयोजन 1924 में हुआ जिसमें 17 मुख्य खेलों तथा 7 प्रदर्शन खेलों को सम्मिलित किया गया था। इसमें 44 देशों के 3089 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई थी। 2024 के 33वें ओलंपिक खेलों के आयोजन की जिम्मेदारी पेरू के लीमा में सम्पन्न 131 वीं आईओसी के सत्र द्वारा 13 सितंबर 2017 को दी गई। हालांकि इस ओलंपिक खेल की अनौपचारिक शुरुवात 24 जुलाई से ही हो गई थी परंतु अधिकारिक रूप से इसका उद्घाटन फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुएल मैक्रों द्वारा 26 जुलाई को किया गया। बहुविद खेलों के अंतर्गत ओलंपिक खेलों का आयोजन सबसे अधिक प्रतिष्ठित और गौरवशाली माना जाता है। एथेंस 1896 के आरंभिक आयोजन में 8 खेलों क्रमशः एथलेटिक्स, सायकलिंग, जिमनास्टिक, निशानेबाजी, हाकी, टैनिस, भरोत्तोलन, कुश्ती के मुकाबले हुए थे जिसमें 14 देशों के 245 प्रतिभागी शामिल हुए थे। इस तरह 128 वर्षों बाद भी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। 11 अगस्त को इस आयोजन की समाप्ति के पश्चात पदक तालिका देखते व उसका अध्ययन करने से स्पष्ट हे कि संयुक्त राज्य अमेरिका भले ही पहले स्थान पर है परंतु चीन ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। अमेरिका ने 126 पदक पर कब्जा जमाया जिसमें 40 स्वर्ण 44 रजत, 42 कांस्य थे। चीन ने 91 पदक जीते जिसमें 40 स्वर्ण, 27 रजत, 24 कांस्य पदक शामिल थे। जापान ने 20-12-13 सहित 45 पदक, आस्ट्रेलिया ने 18-19-16 मिलाकर 53 पदक जीते और चौथा स्थान पाया। आयोजकर्ताओं फ्रांस के खिलाड़ियों ने भी शानदार खेल दिखाया और 16 स्वर्ण,26 रजत, 22 कांस्य के साथ 64 पदक हासिल करके पांचवा स्थान पाया। उपरोक्त उपलब्धियों का आकलन करने पर स्पष्ट है कि मेजबान देश फ्रांस ने आयोजन की दृष्टि से प्रतियोगियों की तैयारी बड़ी मेहनत से की और पांचवे स्थान पर रहकर 64 पदक जीते। 2020 के ओलंपिक खेलों का आयोजन टोक्यों में हुआ था अतः उसके आयोजक जापान के खिलाड़ियों ने भी ओलंपिक अधोसंरचना का भरपूर लाभ उठाया और एशिया महाद्वीप के किसी भी देश के खेलों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कोई कमी नहीं की तथा पेरिस में 20-12-13 सहित 45 पदक जीता। खेल में खिलाड़ियों द्वारा निरंतरता बनाए रखने की जो कोशिश जापानियों ने किया वह अत्यंत प्रशंसनीय है। 2020 टोक्यो जापान में आयोजिते हुए ओलंपिक में जापान अमेरिका, चीन के पश्चात तीसरे स्थान पर था तब जापान को 27 स्वर्ण, 14 रजत, 17 कांस्य पदक मिलाकर 58 पदक मिले थे। इस तरह हमने देखा कि वर्तमान एवं पूर्व देशों में सम्पन्न ओलंपिक खेलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया था। अब देखिए उस देश की दूरदृष्टि के साथ तैयारी जिसके शहर में 2032 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक होगा। जी हां ब्रिसब्रेन आस्ट्रेलिया में 2032 के ओलंपिक होंगे तो आठ वर्ष पूर्व उनकी तैयारी का अनुमान लगाइए 2024 में उन्होंने पेरिस में 17-7-22 कुल 46 पदकों पर कब्जा जमाया और अभी से 2032 के खेलों की तैयारी का संकेत दे दिया। भारत के 117 खिलाड़ियों ने 16 खेलों में भाग लिया और सिर्फ एक रजत, पांच कांस्य पदक जीते। अब अनुमान लगाइये दूसरे देश के खिलाड़ियों की तैयारी कैसी चल रही है। भारतीय एथलीट कहां हैं? 2036 के ओलंपिक खेलों को भारत में आयोजन की तैयारी चल रही है तो हमें कितनी तैयारी की जरूरत है। 2028 के खेल लास एंजिल्स में होंगे जिसका हमें बेसब्री से इंतजार होगा।

## बलौदा बाजार में सड़क पर मिले 22 गायों के शव

**बलौदाबाजार,13 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में सड़क पर 22 गायों के शव बरामद हुए हैं। पंक्तियों के लिखे जाने तक मवेशियों के मालिकाना हक़ को लेकर कोई दावा नहीं हुआ है और ना ही यह स्पष्ट हुआ है कि, गायों की मौत कैसे हुई है और शव सड़क पर कैसे आए हैं। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के थाना पलारी के कोसमंदी और गातापारा गाँव के बीच सड़क पर 22 गायों के शव बरामद हुए हैं। प्रशासन इन सभी का पीएम करा रहा है। पीएम रिपोर्ट से ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि, गायों की मौत की वजह क्या है। बलौदाबाजार एसपी विजय अग्रवाल ने बताया है कि, मामले की जाँच शुरु हो चुकी है। एसपी विजय अग्रवाल ने कहा -मवेशी किसके हैं, इनकी मृत्यु कैसे हुई और मारे गए मवेशी सड़क पर किन परिस्थितियों में किसके द्वारा रखे गए, इन सबकी जाँच की जा रही है।

### सड़क की बुरी स्थिति देख मंत्री हुए गरम

**रायपुर, 13 अगस्त।** शहर की आधा दर्जन सड़कों के डामरीकरण के कुछ महीने में ही उखड़ जाने से आम लोगों को हो रही परेशानी को वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने गंभीरता से लेते हुए कोरबा निगम आयुक्त को सड़क की जल्द मरम्मत करने और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करने पत्र लिखा है। मंत्री लखनलाल देवांगन ने आयुक्त को लिखे पत्र में उल्लेख किया है की कोरबा नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत कोसाबाड़ी, सीएसईबी चौक से बुधवारी, वीआईपी मार्ग, निहारिका मार्ग पर 8 महीने पहले ही डामरीकरण निगम द्वारा कराया गया था। गुणवत्ताहीन एवम् भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाने के कारण उक्त मार्ग डामरीकृत गिट्टी उखड़ गई है, इससे धूल उड़ने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### पेंडिंग आवेदनों का निराकरण करने आयुक्त ने दिया टार्गेट, विभाग प्रमुखों की ली बैठक



**रिसाली।** शिकायत और मांग वाले आवेदनों का निराकरण निगम के अधिकारी निर्धारित समय सीमा में करेंगे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने 1134 आवेदनों का निराकरण करने 10 दिन की मोहलत दी है। उन्होंने निराकृत होने वाले आवेदनों को पोर्टल में दर्ज करने भी कहा है।आयुक्त ने विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे जन समस्या निवारण शिविर के पेंडिंग आवेदनों पर गंभीर हो। प्राथमिकता के साथ सभी आवेदनों को निराकृत करे। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि निर्माण संबंधी मांग का पहले स्थल निरीक्षण करे और फिर आवेदन पर स्टीमेट तैयार कर उसे शासन को भेजे। आयुक्त ने कहा है कि जिस वार्ड में पाइप लाइन बिछा है और नए नल कनेक्शन का आवेदन है उसे औपचारिकता पूरी कर शीघ्र लगाया जाए। इसी तरह नाली सफाई या कचरा उठाने की शिकायत का निराकरण शीघ्र किया जाए। बैठक में निगम सचिव रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

सुबह 8 बजे होगा ध्वजारोहण-आयुक्त मोनिका वर्मा ने बैठक में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की जिम्मेदारी भी निर्धारित की। उन्होंने स्थापित प्रतिमा स्थल की सफाई के निर्देश दिए। साथ ही चौराहा पर देश भक्ति गीत बजाने के निर्देश दिए। अलग अलग कार्य के लिए अधिकारियों। को जिम्मेदारी दी। ध्वजारोहण सुबह 8 बजे मुख्य कार्यालय में होगा।

### बीएसपी में गुणवत्ता-2024 कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना प्रतियोगिता का उद्घाटन



**भिलाई, 13 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के व्यवसाय उत्कृष्टता विभाग ने मानव संसाधन विकास केंद्र में 12 से 16 अगस्त तक आयोजित गुणवत्ता-2024 का उद्घाटन 12 अगस्त को मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता ने किया। समारोह की अध्यक्षता महाप्रबंधक मनोज कुमार ने की। मुख्य अतिथि तापस दासगुप्ता ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़ी हुई भागीदारी अपेक्षित है, क्योंकि इससे कर्मचारी जुड़ाव को बढ़ावा मिलता है और कार्य कुशलता बढ़ती है। महाप्रबंधक मनोज कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और गुणवत्ता-कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना प्रतियोगिता के महत्व पर बात की। उप महाप्रबंधक पीके साहू के साथ-साथ बीई विभाग के कर्मचारियों ने भी आयोजन में योगदान दिया। वरिष्ठ प्रबंधक रवि कुमार ने कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### पऊवारा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**भिलाई, 13 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 10 अगस्त को ग्राम पऊवारा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ राहुल सिंगरोल, बीपी, शुगर एवं रक्त जांच हेतु श्रीमती रेखा देव व अशरफ अली, फार्मासिस्ट श्रीमती सुशन जैकब, पंजीयन हेतु शम्भू दयाल तथा सीएसआर विभाग से बुधेलाल उपस्थित थे।

### जय सतनाम युवा संदेश परिवार ने मिनी माता पुण्य दिवस मनाया



**पाटन।** जय सतनाम युवा संदेश परिवार के तत्वावधान में रविवार 11 अगस्त को छत्तीसगढ़ के प्रथम महिला सांसद गुरुमाता ममतामयी मिनीमाता की पुण्य दिवस के उपलक्ष में ग्राम डूमरडीह उतई में उपस्थित मिनीमाता चौक में मिनीमाता की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर उनको याद किया गया। जिसमे हमारे आस-पास के सभी गांवों के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित थे।जिसमे मुख्य रूप से श्रीमती झमित गायकवाड उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, दिनेश देशलहरे अध्यक्ष दुर्ग तहसील सतनामी समाज दुर्ग, दिवाकर गायकवाड अध्यक्ष वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति उतई, चंद्रभूषण कौशल गुरुद्वारा सेवा समिति उतई, नारायण गायकवाड अध्यक्ष सतनामी समाज उतई, डिकेंद्र हिरवानी अध्यक्ष नगर पंचायत उतई, संजय बंजारे पंडित डूमरडीह, ओंकार चतुर्वेदी अध्यक्ष जय सतनाम युवा संदेश परिवार एवं सदस्य- कुंदन मधुकर, लोकेश जोशी, संदीप बंजारे, कुंदन बंजारे, योगेश मंडले, धनंजय कुर्रे, देवेंद्र बंजारे, लेखराम सोनवानी पत्रकार, बसंत डहरे, कोमल सोनवानी, सत्यप्रकाश कौसिक, तुलसी कोसरे, दौलत मार्कण्डे, तीजन बाई टंडन, बली राम टंडन,महेश कौशिक,दुर्जन देशलहरे, इंदरमन बंजारे, प्रहलाद वर्मा (पार्षद),बीरेंद्र गिरी (पार्षद),टीकम डोंडे,मुकेश साहू, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण ऋषि साहू,राजेश जांगडे, चन्द्रकांत साहू, मनी राम साहू, चन्दनमल सोनवानी, घनश्याम साहू, सुभाष चंद्र आदि सम्मिलित हुये।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अमरकंटक में कावड़ियों के साथ किया भोजन



**कवर्धा, 13 अगस्त।** उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और स्वयं कांवड़ियों के साथ बैठकर भोजन भी किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कांवड़ियों को भोजन का वितरण भी किया और उनके साथ पवित्र सावन माह की इस महत्वपूर्ण यात्रा में भागीदारी की। उपमुख्यमंत्री कल सुबह अमरकंटक में नर्मदा मैय्या मंदिर और जलेश्वर महादेव मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना करेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक की 150 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि भक्तगणों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

## मानव आश्रम में सावन उत्सव मनाया गया

**भिलाई, 13 अगस्त ।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम सेक्टर-1 में महिलाओं का सावन उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मंच पर आसीन श्रीमती ममता अवस्थी (राजनांदगांव), श्रीमती सरोज मिश्रा, श्रीमती विनोदिनी पाण्डेय, श्रीमती रानी तिवारी, श्रीमती रत्नमाला तिवारी, उपाध्यक्ष, श्रीमती रानी शुक्ला उपस्थित रहीं। मुख्य निर्णायक के रूप मे इंजीनियर श्रीमती राजलक्ष्मी सिंह, संचालनकर्ता श्रीमती रमा अग्निहोत्री, कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती ममता अवस्थी, सहयोगी श्रीमती वंदना पाण्डेय, श्रीमती ज्योति तिवारी, खेल श्रीमती नीलिमा शुक्ला ने उत्तरदायित्व निभाया। खेल प्रतियोगिता में प्रथम श्रीमती हेमा शुक्ला, द्वितीय श्रीमती वंदना



पाण्डेय, तृतीय श्रीमती सपना मिश्रा (से.2), भाग्यशाली खेल में श्रीमती सपना मिश्रा (राजनांदगांव), द्वितीय हेमा शुक्ला, तृतीय मनु ने स्थान प्राप्त किया। जवाहर नृत्य में श्रीमती रानी तिवारी, श्रीमती विभा मिश्रा, श्रीमती अनुपमा मिश्रा, श्रीमती शीतल मिश्रा (गाना भी), श्रीमती रोली शुक्ला, श्रीमती दिव्या शुक्ला, श्रीमती हेमा शुक्ला, श्रीमती रितु तिवारी, श्रीमती श्रुति तिवारी, श्रीमती सपना मिश्रा, श्रीमती मेघा मिश्रा ने भाग लिया। कल्पना एक उडान समूह नृत्य की प्रस्तुति जिसमें श्रीदेवी अदाकारों ने गानों को नृत्य मे पिरोया श्रीमती मीतु तिवारी, श्रीमती आशा अवस्थी, श्रीमती विद्या तिवारी, श्रीमती रोली शुक्ला, श्रीमती कल्पना शुक्ला ने गीतों से समा बाँधा। श्रीमती समता शुक्ला , श्रीमती शीतल मिश्रा, श्रीमती अनुपमा मिश्रा, श्रीमती मनु जवाहर ने किया। सावन क्वीन प्रथम श्रीमती मेघा मिश्रा, द्वितीय श्रीमती अल्पना त्रिपाठी, तृतीय श्रीमती दिव्या शुक्ला ने स्थान प्राप्त किया।

## हर-हर महादेव के नारों से गूंजा आसमान, हजारों भक्तों ने भंडारा में ग्रहण किया महाप्रसाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,13 अगस्त।** टोलाघाट के प्राचीन शिवालय में जलाभिषेक के लिए विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन बोलबम कांवड़ यात्रा समिति पाटन क्षेत्र द्वारा किया गया। प्रातः 8:00 बजे से ही पाटन, अभनपुर, कुरूद, ब्लॉक के 201 गावों से शिवभक्तों का रेला कांवड़ लेकर पहुंचने लगा, कांवड़ से जल लेकर आने का सिलसिला दोपहर 03:00 बजे तक अनवरत चलता रहा, वहीं बोल बम कावड़ यात्रा समिति के संयोजक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में ओग्गर तालाब पाटन के शिव मंदिर से पूजा अर्चना कर हजारों कांवड़ यात्री पद यात्रा करते हुए हर हर महादेव के जयघोष के साथ टोलाघाट शिव मंदिर पहुंचे। डीजे की धुन पर युवक, युवतियों, महिलाओं और बुजुर्गों ने जोश के साथ कांवड़ यात्रा में भाग लिया। टोलाघाट के शिव मंदिर पहुंचकर पं. कृष्ण कुमार तिवारी के सानिध्य में विधि विधान से रुद्राभिषेक, जलाभिषेक और महाआरती कर प्रदेश के सुख-समृद्धि के लिए कामनाएं कर आशीर्वाद मांगा। कावड़ यात्रियों के जन सैलाब ने हर हर महादेव के जयघोष से पूरे परिसर को शिवमय बना दिया। विशाल कावड़ यात्रा महोत्सव में भक्तो का तांता लगा



रहा। छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रंग सागर की अनुपम भक्ति में प्रस्तुति से सारा वातावरण शिव भक्ति में डूब गया। मंचीय कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा सांसद और पाटन विधानसभा प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि भगवान शिव की भक्ति से ओतप्रोत यह कार्यक्रम लगातार 12 वर्षों से जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में आयोजित हो रहा है। साल दर साल कावड़ यात्रा का यह कार्यक्रम लोकप्रियता की ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बोल बम कांवर यात्रा समिति पाटन के संयोजक जितेंद्र वर्मा द्वारा आयोजित कांवर यात्रा महोत्सव की सराहना की। पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने कहा कि कांवड़ यात्रा का यह कार्यक्रम भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति के प्रकटीकरण का माध्यम है। बिना किसी से आर्थिक सहयोग प्राप्त किए बोलबम कांवर यात्रा समिति पाटन के संयोजक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में स्थानीय युवाओं और महिलाओं द्वारा लगातार 12 सालों से यह आयोजन हो रहा है, शिवभक्ति के माध्यम से क्षेत्र की जनता को जोड़े रखने का यह बहुत ही उत्तम कार्यक्रम है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा और आशीर्वाद से यह कार्यक्रम लगातार सफलता के साथ संचालित हो रहा है। महोत्सव में 25 हजार भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया, उन्होंने कहा कि संपूर्ण क्षेत्र की जनता को सुख समृद्धि मिले इसी कामना से शिवजी को प्रसन्न करने हेतु प्रत्येक वर्ष यह आयोजन होता है।बोल बम कावड़ यात्रा समिति के तत्वाधान में आयोजित विशाल कावड़ यात्रा महोत्सव इस पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ दर्शन करने दुर्ग सांसद विजय बघेल,ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, देवकर साहेब सोनपैरी कबीर आश्रम रायपुर,साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, पुष्कर साहू, यशवंत सेन, अमित वर्मा, वासु वर्मा, दामोदर चक्रधारी, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, राजेंद्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू, विनायक नातू,दीपक चोपड़ा प्रमोद नेमा, रजनीश श्रीवास्तव, प्रमोद वाघ, मदन वाढ़ई, रोहित राजपूत, जीत यादव, शिवेंद्र परिहार, जितेंद्र राजपूत, धर्मेंद्र यादव, दिव्या कलिहारी, गायत्री वर्मा, जयश्री राजपूत, चंद्रिका साहू,केशव बंछोर,निशा सोनी, रानी बंछोर,सीता देवांगन,नवीन पवार, राजू निषाद, राकेश पाण्डेय, पी एन दुबे, माखन कोसरिया, बृजेन्द्र दानी, रमन यादव, मनीष भंडारी, जयप्रकाश साहू, नारद सेन, गिरधर वर्मा, रमेश वर्मा, रिंकू वर्मा, योगेश भाले, खेमराज बकारे,दामोदर चक्रधारी, विनोद साहू, केवल देवांगन, नारद सेन, समीर बंछोर, सागर सोनी सहित हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री और श्रद्धालुगण शामिल हुए।

## तिरंगा रैली में भिलाई आएंगी अभिनेत्री भाग्यश्री



**भिलाई, 13 अगस्त।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 9 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मना रहा है, जिसमें हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वैशाली नगर तिरंगा रैली में भाग लेने सिने अभिनेत्री भाग्यश्री पटवर्धन भी भिलाई आ रही हैं। मैने प्यार किया से फिल्मों में डेब्यू करने वालीं भाग्यश्री ने हिंदी, कन्नड़, मराठी, तेलुगु और भोजपुरी फिल्मों में अपनी अदाकारी से सभी लोगों का दिल जीता है। वो मीडिया कंपनी श्रृष्टि एंटरटेनमेंट की प्रमोटर भी हैं। आपको बता दें कि 12 अगस्त को ही तिरंगा यात्रा का आगाज वैशाली नगर विधानसभा में हो चुका है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकरलाल देवांगन, प्रवीण पाण्डेय, अरविंद जैन, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित विधायक रिकेश सेन के नेतृत्व में सैकड़ों विधायक प्रतिनिधियों ने सुपेला और वैशाली नगर क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें सैकड़ों लोगों ने हाथ में तिरंगा लहराते पैदल मार्च किया। इसी तारतम्य में 14 अगस्त को तिरंगा रैली का सुबह साढ़े 10 बजे वैशाली नगर से आगाज होगा जिसमें हजारों लोग दुपहिया वाहन से नगर भ्रमण कर हर घर तिरंगा का आह्वान विधानसभा के नागरिकों से करेंगे।

## विधायक देवेंद्र ने शिव का जलाभिषेक कर मांगा स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद

**भिलाई, 13 अगस्त ।** भिलाई और पूरे छत्तीसगढ़ की जनता, किसान, मजदूर, आम नागरिकों के हित और विकास के साथ ही सभी के सुख-शांति खुशहाली और समृद्धि की कामना लेकर सोमवार को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भव्य कावड़ पदयात्रा की शुरुआत की। हजारों भक्तों के साथ जय-जय महाकाल, हर हर महादेव के जयकारे के साथ कांवड़ यात्रा निकाली गई है। सबसे पहले सुबह करीब 530 बजे विधायक देवेंद्र शिवनाथ नदी के तट पर पहुंचे। पवित्र शिवनाथ नदी में स्नान किये । शिवनाथ तट पर स्थित शिवालय में भगवान शंकर की आराधना की। शिवलिंग में दूध और जल से महाअभिषेक किया गया। इसके बाद संकल्प लेकर देवबलौदा स्थित भोलेबाबा की प्राचीन मंदिर में जल चढ़ाने के लिए भक्तों के साथ पैदल कांवड़ में जल लेकर निकले। इस बार 1 हजार से अधिक महिलाएं पुरुष व युवा साथी भी कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। नंगे पैर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव हजारों भक्तों के साथ अपने कांवड़ में शिवनाथ का जल लेकर यात्रा कर रहे है। कांवड़ यात्रा का पूरे शहर भर में जगह-जगह पर हर चौक में भव्य स्वागत किया गया। शिवनाथ नदी के निकलने के बाद गंजपारा चौक में सैकड़ों भक्तों ने कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। फल-जूस आदि वितरण किए। यात्रा के दौरान जब पूरा शहर उनका स्वागत कर रहा था, तब उनकी मां और पत्नी भी सेक्टर 5 चौक में उनका स्वागत करने आईं। मां ने तिलक लगातर आरती उतारकर गले लगाया और इस नेक काम के लिए



आशीर्वाद दिया। इसके बाद आगे तक वे विधायक के साथ पैदल चले। कावड़ यात्रा में शिवपुरी की झांकी का भक्तों को दर्शन हुआ। सौरत मिश्रा ने सवा क्विंटल बूंदी के लड्डू भगवान शिव को प्रसाद चढ़ाने लाए।

### पीएम सेजस देवकर में हुआ हेड गर्ल एवं हेड ब्वाय का चुनाव



**धमधा,13 अगस्त।** पीएमश्री सेजस देवकर में सोमवार को हेड बॉय और हेड गर्ल सहित 8 प्रीफेक्ट एवं 12 हाउस कैप्टन का चुनाव हुआ, जिसमें खुशबू सिन्हा (अंग्रेजी माध्यम) एवं आयशा बी (हिंदी माध्यम ) हेड गर्ल और योगेश सिन्हा (अंग्रेजी माध्यम) हेड ब्वाय चुने गए । उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के बाद राष्ट्रगान हुआ। प्राचार्य अनिल कुमार डहाले ने सभी पदाधिकारियों को विद्यालय में अनुशासन एवं शैक्षिक वातावरण निर्मित किए जाने की बात कही। चयनित विद्यार्थियों को बैज प्रदान किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता (भौतिक) योगेश प्रजापति, व्यायाम शिक्षक योगेश साहू , प्रयोगशाला सहायक विनायक कर्ष , व्याख्याता (वाणिज्य) अंकिता देशमुख सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद थे।

### गार्डन की सफाई पर विभाग दे ध्यान : महापौर



**रिसाली।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने सोमवार को जन स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग की समीक्षा की। उन्होंने गार्डन की सफाई पर जोर दिया। इसके अलावा निगम क्षेत्र में चलने वाले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान देने कहा। महापौर ने कहा कि सार्वजनिक जगहों की सफाई पर विशेष ध्यान दें। गार्डन में गंदगी फैलाने वालों को समझाइश दें। नहीं मानने पर नियमतः कार्यवाही करें। महापौर ने कहा कि सफाई निविदा प्रक्रिया के लिए विशेष प्रयास कर कार्य को पूर्ण करें। बैठक में एमआईसी सदस्य अनूप डे, पार्षद विलास बोरकर, संजू नेताम, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम ने भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के शेयर धारकों को रियायती दर पर शक्कर वितरण किया

**कवर्धा,13 अगस्त।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पवित्र सावन माह के चतुर्थ सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्रथम भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के शेयर धारक गन्ना उत्पादक किसानों को रियायत दर पर शक्कर वितरण का शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री ने भगवान भोरमदेव और विश्वकर्मा के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने शेयर धारक गन्ना उत्पादक किसानों को रियायत दर पर प्रति किसान को 50 किलो शक्कर प्रदान किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का गन्ना उत्पादक किसानों ने खुमरी पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान परिसर में नव निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने गन्ना बेचने आने वाले किसानों के सुविधा के लिए नए किसान रेस्ट हाऊस निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई।उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आज रियायती दर में शेयर धारक गन्ना किसानों को 50 किलो शक्कर प्रदान करने का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में रिकवरी दर में जिले के शक्कर कारखान टॉप-10 में शामिल है, यह किसानों के मेहनत का परिणाम है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के हित में कार्य कर रहीं हैं। किसानों के आर्थिक उन्नति और समृद्धि के लिए विष्णुदेव साय सरकार संकल्पित है। किसानों के आर्थिक समृद्धि के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, जिससे किसानों का आर्थिक विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि



जिले में 23 हजार 481 शेयर धारक किसान है। इस वर्ष भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा पेराई सीजन वर्ष 2023-24 में कारखाने में गन्ना बेचने वाले किसानों को कुल 113 करोड़ 52 लाख रुपए का भुगतान जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष कारखाने का औसत शक्कर रिकवरी दर 12.31 था जो इस वर्ष बढ़कर 12.50 हुआ है। स्थापना वर्ष से अब तक का सार्वधिक रिकवरी है। इस बार रिकवरी में किसानों को प्रति क्विंटल 92.10 रूपए अधिक आय प्राप्त होगा। इससे किसानों को 35 करोड़ 80 लाख रूपए का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के शक्कर कारखाना में गन्ने देश के अन्य राज्यों से अधिक राशि किसानों को प्रदाय किया जा रहा है।उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जिले में लगातार गन्ना फसल की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए भोरमदेव शक्कर कारखाना की पेराई क्षमता बढ़ाने के लिए कार्य योजना तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में भोरमदेव शक्कर कारखाना की क्षमता 3500 टीसीडी है। पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने कहा कि आज सावन में किसानों को रियायती दर में शक्कर मिलना प्रारंभ हुआ है इसके लिए सभी किसानों को बधाई। उन्होंने कहा कि इससे शेयर धारक गन्ना उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा। आज किसानों को अपने अधिकार वापस मिल रहा है और यह कार्य मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से हो रहा है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री किसानों की बातों को सुनते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करते है। पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से आज पुनः रियायती दर में शक्कर वितरण प्रारंभ हुआ है। उपमुख्यमंत्री किसानों के चिंतक है। हमेशा किसानों के हक के लिए संघर्ष किए है। पिछले वर्ष से ज्यादा इस वर्ष रिकवरी मिलेगा। यह किसानों की मेहनत है और कारखाना प्रबंधक का परिणाम है। जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने कहा कि 5 साल बाद सीएम साय और उपमुख्यमंत्री शर्मा द्वारा रियायती दर में शक्कर उपलब्ध करा रहे है। मुख्यमंत्री ने किसानों के उन्नति के लिए अनेक काम किया है। 3100 रूपए में प्रति क्विंटल धान की खरीदी कर रही है। प्रति क्विंटल 21 किलो धान खरीद रही है। किसानों का आर्थिक क्षमता का विकास हुआ है।

## पंडरिया पुलिस की सक्रियता से अवैध शराब परिवहन करते दो लोग पकड़ाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 13 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक डां. अभिषेक पल्लव (भापुसे) के द्वारा समस्त थाना/चौकी प्रभारियो को अवैध शराब पर प्रभावी रूप से कार्यवाही करने एवं अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अति.पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अति.पुलिस अधी. पुष्पेन्द्र सिंह बघेल एंव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया पंकज कुमार पटेल के मार्गदर्शन में थाना पंडरिया द्वारा क्षेत्र में लगातार सूचना एकत्र की जा रही थी,इसी तारतम्य में थाना पंडरिया पुलिस को देहात पेट्रोलिंग के दौरा दिनांक 12.08.24 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक मोटर सायकल में दो लोग कुर्रूपानी बदौरा की ओर से सारूपारा की ओर कच्ची सडक से अवैध रूप से हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब परिवहन कर रहा है। इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर उचित दिशा-निर्देश प्राप्त कर, त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही कर *आरोपीगण 1.महेन्द्र कुमार बंजारे पिता नैनदास बंजारे उम्र 29 साल साकिन डिलवापारा झिरियाखुर्द थाना पंडरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) 2.विजय बंजारे पिता मालिक राम बंजारे उम्र 31 साल साकिन बांधपारा



झिरियाखुर्द थाना पंडरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) को पकडा गया जिसके कब्जे से अवैध रूप से परिवहन कर रहे दो सफेद रंग के 15-15 लीटर वाले प्लास्टिक जरकीन के अंदर भरे कच्ची महुआ शराब कुल 30 लीटर कीमती करीबन 6000रू. एवं शराब परिवहन करने में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती करीबन 40000/- रूपये और दो नग मोबाईल हेण्ड सेट कीमती करीबन 15000/-रूपये जप्त करे। दोनों आरोपियो के विरूत्र आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से आरोपियो को ज्युडिसियल रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सउनि. मोहन लाल खुटे, आरक्षक द्वारिका चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी, शैलेन्द्र राजपुत, सुनील घृतलहरे, देवेस पटेल, सैनिक अरविंद शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

## पुलिस ने 112 किलो गांजा पकड़ा

**भिलाई, 13 अगस्त।** भिलाई दुर्ग जिले में पुलिस को बड़ी सफलता



मिली है। पुलिस ने एक मालवाहक गाड़ी का पीछा करते हुए गाड़ी से 112 किलो गांजा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग पुलिस पिछले कई दिनों से गांजा तस्करों के पीछे लगी हुई थी। मंगलवार को पुलिस ने सूचना के आधार पर मालवाहक का पीछा किया। पुलिस को देखकर मालवाहक चालक और गांजा तस्कर गाड़ी जेवरा चौकी अन्तर्गत आने वाले कचानदुर के खार में छोड़कर भाग खड़े हुए पुलिस ने बताया कि मालवाहक को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मालवाहक की तलाशी ली तो सीट के नीचे बने चेंबर में 112 किलो गांजा मिला है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि ओडिशा से गांजा लाकर राज्य में खपाने की कोशिश थी।

एक नजर

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव 13 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराए जाने के लिए फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली व पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया जाएगा। निर्वाचन नामावली शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली को तैयार करने एवं मतदान प्रक्रिया को सरलता से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार अभियान की योजना बनाई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री संजय अग्रवाल ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर फोटोग्राफी संकलित करने जागव-वोटर %जाबो' कार्यक्रम के लिए जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन श्रीमती रश्मि सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही नगर पालिकाओं एवं जनपद पंचायत के लिए अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अभिषेक कुमार गुप्ता, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री चंद्रकान्त शर्मा, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दादु सिंह, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सचिन गुप्ता, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री तनुजा मांझी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या ठाकुर, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नवीन कुमार, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती शिल्पा देवांगन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जिले में अब तक औसत 812.6 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव 13 अगस्त ।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 812.6 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 14.7 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 42 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 15.3 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 42 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 33.8 मिमी, छुरिया तहसील में 6 मिमी, कुमरदा तहसील में 1.7 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 4.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को

**राजनांदगांव 13 अगस्त।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 14 अगस्त 2024 को सुबह 7.30 बजे से जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होगा। स्वतंत्रता दौड़ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से वीआईपी रोड होते हुए भदौरिया चौक दिग्विजय स्टेडियम के सामने से वापस वीआईपी रोड होते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान में समाप्त होगी। स्वतंत्रता दौड़ में जनप्रतिनिधि, स्कूली विद्यार्थी, खिलाड़ी, खेल संघ के पदाधिकारी, शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। नगरवासियों से 14 अगस्त 2024 को सुबह 7.30 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वतंत्रता दौड़ को सफल बनाने की अपील की है।

## अपोलो माइको सिस्टम्स लिमिटेड ने पहली तिमाही के लिए आय की घोषणा की

**रायपुर 13 अगस्त।** कंपनी के मैनेजमेंट ने आगे कहा कि, अपोलो माइको सिस्टम्मा लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में जो उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, उसे साझा करते हुए हम उत्साहित हैं। यह अवधि हमारे ऑपरेशंस के अनेक डाइमेंशंस में महत्वपूर्ण प्रगति और उल्लेखनीय सफलताओं की विशेषता रही है। इनोवेशन, ऑपरेशनल एक्सीलेंस और सस्टेनेबल ग्रोथ के प्रति हमारा अटूट समर्पण हमारे प्रदर्शन को आगे बढ़ाता है और हमारे भविष्य को आकार देता है। फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही के लिए, अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड ने 912.02 मिलियन रुपये का रेवेन्यू प्राप्त किया जो फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही में 576.91 मिलियन रुपये से बढ़ा है. यह मुख्य रूप से मज़बूत ऑर्डर निष्पादन द्वारा संचालित है। हमारा एबिटा बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में 223.71 मिलियन रुपये हुआ, जो वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही में 127.42 मिलियन रुपये था, ऑपरेशंस के बढ़े हुए स्केल के कारण 75.57त्न की वृद्धि दर्ज की गई। शुद्ध लाभ फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही में 16.54 मिलियन रुपये की तुलना में फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही के लिए 84.29 मिलियन रुपये रहा, वहीं फाइनेंशियल ईपर 25 की पहली तिमाही के लिए शुद्ध लाभ मार्जिन 9.24% के साथ रहा, ये फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में 2.87त्न से अधिक था। ये फाइनेंशियल अचीवमेंट्स ऑपरेशनल एक्सीलेंस और सस्टेनेबल ग्रोथ के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं, जो भविष्य में निरंतर सफलता के लिए अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड की आदर्श स्थिति बनाती हैं।

## प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रारंभ

**रायपुर, 13 अगस्त।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित 39 शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के बी.एस.सी. कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी काऊंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु दिनांक 09 अगस्त से 15 अगस्त, 2024 तक विश्वविद्यालय की वेबसाईट 222.द्बद्दद्म1.ड्डष्.द्बठ्ठ पर आवेदन कर सकते हैं। काऊंसलिंग में शामिल होने के लिए दिशा-निर्देश एवं समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन काउंसलिंग में भाग लेने हेतु 09 अगस्त से 15 अगस्त, 2024 के मध्य ऑनलाइन पंजीयन करना एवं दस्तावेज अपलोड करना होगा।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं:उप मुख्यमंत्री

### छात्रावास के छात्र-छात्राओं ने किया उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन




**रायपुर, 13 अगस्त।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता, कभी भी सफलता के लिए शॉर्टकट रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, जो हम अपने प्रारबद्ध को बदल नहीं सकते हैं। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगन और ईमानदारी के साथ उस दिशा में लग जाना चाहिए। कड़ी मेहनत से ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है, सफलता हासिल की जा सकती है, जबकि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि मुकाम प्राप्त करने के बाद बैठ जाना की सफलता नहीं कहा जा सकता, बल्कि उस विषय में दक्षता और महारथ हासिल होना चाहिए। साथ ही उस लक्ष्य को पाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा आज पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभाकक्ष में आयोजित शहीद चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल डे को सम्बोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा भी इस हॉस्टल में रहकर अध्ययन किए हैं। उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पहुंचे श्री शर्मा को आजाद हॉस्टल के छात्रों सहित परिसर स्थित अन्य हॉस्टल के छात्र-छात्राओं ने उल्लासपूर्वक उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पूर्व छात्रों, अधीक्षकों, प्रोफेसरों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों तथा कर्मचारियों को सम्मानित किया। छात्रावास के छात्र-छात्राओं द्वारा उपमुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

उपमुख्यंत्री श्री विजय शर्मा ने छात्रावास डे को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में सबकुछ योजना के मुताबिक हो, ऐसा सम्भव नहीं हो पाता, लेकिन हमें लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजना बनाकर मंजिल को प्राप्त करने की दिशा में हरसंभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने संस्कार और परंपरा को नहीं भुलना चाहिए। बड़ों के प्रति सम्मान और संस्कार से हम जीवन में आगे बढ़ सकते हैं, सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सभी हॉस्टल छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, राज्य सूचना आयोग के सचिव श्री गोपाल वर्मा, कुलसचिव श्री शैलेन्द्र पटेल, डॉ. रविन्द्र मिश्र, डॉ. एम.एल. नायक सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र तथा विभिन्न हॉस्टल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# फर्जी मामला बनाकर गिरफ्तार पत्रकारों के समर्थन में उतरी कांग्रेस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जगदलपुर 13 अगस्त। चार वरिष्ठ पत्रकारों को आंध्र प्रदेश के चिंतूर में आंध्रप्रदेश पुलिस के द्वारा फज़ी मामला बनाकर गिरफ्तार कर तीन दिनों से बंधक बनाकर रखा गया है जिसके विरोध में आज बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में राजीव भवन के समीप कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन किया एवं छत्तीसगढ़ सरकार की तथा आंध्रप्रदेश सरकार की आलोचना की तथा गिरफ्तार पत्रकारों को तत्काल रिहा करने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून लेकर के आई परंतु 6 महीने की विष्णु देव साय सरकार में स्वयं पत्रकार ही अब सुरक्षित नहीं, पत्रकार सुरक्षा कानून की धज्जियां सरकार उड़ा रही।जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा हम छत्तीसगढ़ सरकार से गृहमंत्री से मांग करते हैं इस पूरे मामले में हस्तक्षेप कर बस्तर के चारों पत्रकारों को सकुशल वापस लाएं और प्रदेश के पत्रकारों के प्रति जो व्यवहार सरकार बनाए बैठी है उसे तत्काल बदले। पूर्व विधायक रेखचन्द जैन ने कहा,कोन्टा के छत्तीसगढ़ आंध्रप्रदेश सीमा में अंतर्राज्यीय रेत माफियाओं की भ्र्ष्टाचार को उजागर करने गए बस्तर के चार पत्रकारों( बाप्पी राय,निशू त्रिवेदी,महेंद्र सिंह और धर्मेंद्र सिंह) को इस तरह गिरफ्तार करना बहुत ही निंदनीय है,मुख्यमंत्री सायं की सरकार में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ भी सुरक्षित नहीं है,पुलिस अधिकारी के द्वारा फज़ी मामला बनाकर आंध्रप्रदेश की पुलिस द्वारा यह कृत्य अति निंदनीय है,सरकार के गृहमंत्री को तत्काल संज्ञान लेते हुए पत्रकारों की रिहाई कर घर वापसी करवानी चाहिए। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने कहा पत्रकारों की सुरक्षा की जिम्मेदारी जिन्हें दी गई वही पत्रकारों के भक्षक बनते दिख रहे हैं,कोन्टा के छत्तीसगढ़ आंध्रप्रदेश सीमा में अंतर्राज्यीय रेत माफियाओं की कारगुजारियों को उजागर करने गए बस्तर के चार पत्रकार जिनमें बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार बाप्पी राय,निशू त्रिवेदी,महेंद्र सिंह और धर्मेंद्र सिंह शामिल हैं जिनकी गाड़ी में 40 किलो गांजा रखकर जिस प्रकार से दुर्भावनापूर्ण रवैया दिखाते हुए आंध्रप्रदेश की पुलिस के द्वारा फज़ी मामला बनाकर आंध्रप्रदेश के चिंतुर थाने में गिरफ्तार कर तीन दिनों से पकड़ कर रखा है एवं बात यह भी निकल कर सामने आ रही है कि कोन्टा पुलिस के साथ इन पत्रकारों की तू-तू-मैं-मैं भी हुई थी जिसके बाद सड़यंत्रपूर्वक यह कार्यवाही की गई है।यह घटना फिर से छत्तीसगढ़ में माफिया राज और गुन्डाराज और पत्रकारों के उत्पीड़न राज के कायम होने को दर्शाता है।

# जनपद उपाध्यक्ष पर हमले से आदिवासी समाज में नाराजगी

- सर्व आदिवासी समाज ने विरोध में 4 घण्टे किया चक्का जाम, फिर नगर बंद

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम 13 अगस्त ।** दंतेवाड़ा जिले में गीदम जनपद उपाध्यक्ष पर हमला करने का मामला सामने आया हैं, जिसके बाद सर्व आदिवासी समाज में आक्रोश की भावना व्याप्त हो गई। सोमवार शाम गीदम नपं कार्यालय के सामने नेशनल हाईवे 63 पर कई घंटे तक चक्का जाम किया गया । ऐसे में दोनों तरफ से वाहनों की कतारें लग गई , यात्री बसो को दूसरे रूट से भेजा गया। इधर पुलिस के अधिकारी भी यहाँ पहुँचे और लोगो को समझाइस दी गई पर आदिवासी समाज आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़ा रहा जिसके बाद लगभग 4 घण्टे तक चक्का जाम जारी रहा । वही आज मंगलवार को नगर बंद का भी आव्हान किया गया जिसका व्यापक असर देखने को मिला, सुबह से ही सभी की प्रतिष्ठाने बंद रही । बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता व जनपद उपाध्यक्ष मनीराम हपका पर जान लेवा हमला हुआ है । मनीराम ने अपने बयान में बताया कि कुछ दिन पहले मेरे साथियो के साथ कुछ युवकों ने विवाद किया तो मैं वहां पहुँचा था फिर रविवार शाम एक युवक मेरे घर के अंदर आ गया और मुझे चाकू दिखाकर कहा कि आपसे कोई लेना देना हैं आप बीच में मत आओ इसके बाद रविवार रात में ही मुझे गीदम बस स्टैंड बुलाया गया , जब मैं बस स्टैंड पहुचा तो यहां कुछ युवको ने मुझ पर धारधार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया और जातिसूचक गालिया दी मैं वहां से जान बचाकर भागा, मेरे साथ और दो साथी थे उन पर भी हमला किया गया । इस पूरी घटना के बाद सर्व आदिवासी समाज मे आक्रोश की भावना व्याप्त हो गई और सोमवार शाम गीदम नपं कार्यालय के सामने कई घण्टो तक आदिवासी समाज ने चक्का जाम कर दिया और आरोपी के तत्काल गिरफ्तारी की मांग की । धरने पर बैठे सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र वेट्टी ने बताया कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नही होगी और आरोपी समाज से माफी नही मांग लेता तब तक आंदोलन जारी रहेगा । जितेंद्र ने कहा कि हमलावर पहले से ही तड़ीपार है फिर यहाँ कैसे घुसा, उनकी व्यक्तिगत दुश्मनी जो भी हो लेकिन जातिसूचक गालिया दी गई इसलिए सर्व आदिवासी समाज आक्रोशित हैं और जब तक गिरफ्तारी नही होगी तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। हालांकि पुलिस अधिकारियों के काफी समझाइस देने और आरोपी के जल्द गिरफ्तारी के आश्वसन देने के बाद आंदोलनकर्ता देर रात्रि सड़क से उठ गए और जाम खोल दिया गया जिसके बाद आज मंगलवार को भी बंद का व्यापक असर दिखा।

## स्वाईन फ्लू से बचाव के लिए नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील

**उत्तर बस्तर कांकेर, 13 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ राज्य के कुछ जिले में स्वाईन फ्लू के प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने जिले में स्वाईन फ्लू से बचाव व रोकथाम हेतु नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वाईन फ्लू ॥1ह्१ वायरस स्ट्रेन के कारण होता है, जो सुअरों में पाया जाता है व सुअरों से मनुष्यों में फैलता है तथा संक्रमित व्यक्ति से अन्य सामान्य व्यक्तियों में फैलता है। बीमारी के लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, ठंड लगना, कमजोरी और शरीर में दर्द शामिल है व कुछ लोगों में उल्टी एवं दस्त भी हो सकता है। कुछ मामलों में बच्चों को सांस की तकलीफ, निर्जलीकरण और चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है। 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और 65 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोग एवं जिन्हें पूर्व से किसी भी प्रकार के रोग जैसे अस्थमा, डायबिटीज, किडनी रोग, हृदय रोग इत्यादि है।

# लोधी क्षत्रिय समाज के सावन उत्सव में ओंकेश्वरी वर्मा बनी सावन क्वीन



**रायपुर 13 अगस्त।** लोधेशवरधाम लोधी क्षत्रिय समाज के सावन उत्सव में जुटे समाज के लोगों ने खुले मन से स्वीकारा कि पेड़ बगैर न तो हरियाली और न ही उत्सव इसलिए आज ही हम सब प्रण लें कि हर सदस्य कहीं न कहीं एक पेड़ रोपित करेगा और उसकी देखभाल भी करेगा। सावन उत्सव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुजुर्गो को पौधे भेंटकर सम्मानित किया गया। उत्सव में हरियाली के प्रसंग पर गीत-संगीत के बीच महिलाओं की टोली ने विविध आयोजन किए। ओंकेश्वरी वर्मा सावन क्वीन चुनी गई।रिएवेरा रिसोर्ट में लोधेश्वरधाम लोधी क्षत्रिय समाज की ओर से आयोजित सावन महोत्सव में काफी बड़ी संख्या में सामाजिकजन पहुंचे हुए थे। भारत कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित कवर्धा की श्रीमती अदिती कश्यप ने अतिथि के आसंदी से समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हर महिला को कुछ न कुछ अच्छा कार्य करना चाहिए। महिला घर परिवार की धूरी होती है। जिसमें भी रूचि रखते हो, कला, खेल या और भी कोई। मुझे तो कृषि के क्षेत्र में रूचि थी, मैने आधुनिक फार्मिंग को बढावा दिया और कम से कम समय में अचछी फसलों का पैदावार किया है। महिलाओं को उद्यमशील बनना चाहिए। ताकि परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ होगी और किसी पर निर्भरता भी नहीं रहेगी। समाज के लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर महाकाल की नगरी उज्जैन से प्रसिद्ध मूर्तिकार श्री रघुनंदन सिंह नरवरिया, महाराष्ट्र गोंदिया से श्री छाया शंकर लाल नागपुरे, संयोजक उत्तम, वरिष्ठ समाजसेवी जीवराखन वर्मा, लोधी सुरेश कुमार सुलाखे, डोंगरगढ श्री रमेश वर्मा, बी एल वर्मा, होमलाल जंघेल, राजेश्वर नागपुरे ,रामदास गिरिया एडवोकेट कचनबाला लोधी,लोधेशवरधाम के संयोजक श्री उत्तम वर्मा एवम के रिएवेरा रिसोर्ट एवं लोधेशवरधाम के संरक्षक मूलचंद वर्मा के सौजन्य से शिवनाथ नदी के तट, बेलोदी में आयोजित सावन उत्सव में गीत, संगीत, सावन क्वीन, क्वीज के अलावा म्यूजिकल कुर्सी दौड, रस्सा खींची आदि कार्यक्रम हुआ।

# ब्रह्माकुमारीज सेंटर बिरगुड़ी में लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया गया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 13 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिरगुडी सेंटर में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें सभी बीके भाई-बहन उपस्थित थे, कार्यक्रम में ब्रम्हाकुमारी दीपिका बहन ने भाई बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको एक साथ मिलकर न केवल अपने परिवार, समाज बल्कि संपूर्ण देश को नशा से मुक्त करना है, जहां तक मेरा मानना है की व्यसन का मतलब सिर्फ नशीली पदार्थ से नहीं है व्यसन का मतलब बहुत बड़ा है जिसमें इंसान का चेतन मन नहीं चाहता है फिर भी वह इंसान नशा करते चला जाता है और फिर नशे की गिरफ्त में इंसान ऐसे जकड़ जाता है जिसके दुष्प्रभाव का असर पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है, नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। सरकार इन पीड़ितों को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है, शराब और गुटखे पर रोक लगाने के प्रयास करती है। और कार्यक्रम के अंत में बीके मूलेश्वरी बहन ने उपस्थित सभी लोगों को नशा से मुक्त करने नशा मुक्ति पर प्रतिज्ञा कराई।



### स्वच्छता तिहार एवं डायरिया रोको अभियान का आयोजन

# ग्राम गठुला में तिरंगा रैली निकाल घर-घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 13 अगस्त ।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता तिहार एवं डायरिया रोको अभियान का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती चित्ररेखा ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव सुश्री तनुजा मांझी उपस्थित थी। इस अवसर पर शाला परिसर में पेयजल स्रोत एवं शाला परिसर में जनसहयोग से स्वच्छता श्रमदान करने के उपरांत हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत तिरंगा रैली निकालकर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए घर-घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया गया तथा डायरिया से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। शालेय विद्यार्थियों द्वारा निबंध, चित्रकला, गीत, नृत्य के माध्यम से डायरिया से बचाव एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव की साफ-सफाई भी की। उन्होंने सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान के लिए शपथ दिलाई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा घरेलू स्तर पर खाद बनाने, सिंगल यूज प्लास्टिक के बदले उनके विकल्प में कपड़े का झोला, कागज का ठोंगा उपयोग करने, सामाजिक अन्य कार्यक्रमों में स्टील थाली व गिलास का उपयोग करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने खुले में कचरा को फेंकने या जलाने से होने वाली दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी। गांव में स्वच्छाग्राही दीदीयों को सूखा अजैविक कचरा देने एवं सेवा शुल्क के रूप मे ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क प्रतिमाह निर्धारित समय-सीमा में प्रदान करने कहा। सीईओ जिला पंचायत ने डायरिया से बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने पेयजल स्त्रोत की पानी की जांच व स्त्रोत की सफाई करने, पानी को उबाल कर पीने, गंदी पानी की निकासी, व्यक्तिगत स्वच्छता हेतु नियमित हैण्डवाश, ताजा भोजन करने, पोट्ठ लईका, पोषण आहार, नशा मुक्ति, खुल में शौच मुक्ति के संबंध जानकारी दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुश्री तनुजा मांझी द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने गांव को संपूर्ण स्वच्छ बनाने, गीला-सुखा कचरा एक साथ देने या खुले में फेकने पर जुर्माना, ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने के लिए कचरा का सही वर्गीकरण करने, स्वच्छता शुल्क देने के लिए प्रेरित किया। सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती भगवती साहू द्वारा गीला सूखा कचरा को अलग-अलग घरेलू स्तर पर करने एवं जैविक से खाद बनाने एवं माइक्रो प्लास्टिक को बेकार प्लास्टिक बोतल में भरकर इको ब्रिक्स बनाने के संबंध में जानकारी दी।

समाचार संक्षेप

## उच्च उपज, जलवायु अनुकूल एवं जैव-सुदृढ़ वाली 109 नई किस्म की फसल जारी



**राजनांदगांव 13 अगस्त।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली द्वारा विकसित किए गए उच्च उपज, जलवायु अनुकूल एवं जैव-सुदृढ़ वाली 109 नई किस्म की फसल को जारी किया। जिसमें 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाज के बीज जारी किए गए। वही बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागानों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में भी शामिल हैं। इस दौरा प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। इसके अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 109 किस्मों के विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा द्वारा जारी किये गये किस्मों के बारे में कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. अतुल रामेश्वर डांगे, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, प्रक्षेत्र प्रबंधक श्री आशीष गौरव शुक्ला, कार्यक्रम सहायक श्री जितेन्द्र मेश्राम ने अपने-अपने विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## सड़क मरम्मत शुरू करने के लिए लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**राजनांदगांव 13 अगस्त।** समीपस्थल हरदी से कुम्हालोरी सड़क मरम्मत के लिए तय क्षेत्र सरपंच लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया लेकिन कार्य चालू नहीं किया तब एस डी एम को 8 अगस्त को पुनः मिलकर चक्का जाम अनुमति लेना गया था जिसमें एस डी एम ने लोक निर्माण विभाग को तत्काल ग्राम हरदी से कुम्हालोरी रोड प्रगति रथ है जिसको छोड़ दिया गया है बरसात के पानी भर जाने से कई कीचड़ गढ्ढा हो जाने से राहगीरों मुश्किल सामना करना पड़ रहा तीन दिवस भीतर कार्य प्रारंभ निर्देशीत किया तब 11अगस्त को 11डपंर गिट्टी डस्ट डालने के कारण मौका में योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य दिल्लू साहू सरपंच ढोडिया केशव साहू सरपंच प्रतिनिधि भोथीपार खुर्द भूषण निषाद सरपंच कुम्हालोरी इंजईयर बघेल रहा तब जाकर अभी वर्तमान में चक्का जाम रोका गया लेकिन कार्य आशा अनुरूप नहीं होने पर आगामी दिनों चक्का जाम करेंगे

## जुआ खेल रहे छह लोग गिरफ्तार,10 लाख से अधिक रकम जब्त



**राजनांदगांव 13 अगस्त।** अवैध रूप से जुआ, सट्टा पर अंकुश लगाने व आपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही करने का श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देषन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व एवं सायबर सेल राजनांदगांव, कोतवाली थाना की एक संयुक्त टीम गठित की गई। दिनांक 12.08.2024 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पार्षद राजेश गुप्ता उर्फ चंपू गुप्ता के द्वारा अपने घर में ताश की 52 पत्ती पर अवैध रूप से जुंआ खिला रहा है कि सूचना पर राजेश गुप्ता उर्फ चंपू गुप्ता के घर रेड कार्यवाही की गई । जहां पर 06 लोगों को ताश की 52 पत्ती पर रूपये पैसें की दांव लगाकर जुंआ खेलते रंगे हाथ पकडे गये । आरोपियों के कब्जे से ताश की 52 पत्ती, 10,05,500/- रूपये नगदी एवं 05 मोबाईल जप्त किया गया बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । मौके पर से मकान स्वामी राजेश गुप्ता उर्फ चंपू एवं मोहम्मद इरफान उर्फ भुरू भाग गया । आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन एवं सायबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, आरक्षक मनीष वर्मा, आरक्षक अवध साहू, आरक्षक अविनाश झा एवं थाना बसंतपुर से प्र0आर0 क्र0 708 एतनलाल साहू, म0आर0 ललिता तुलावी, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, आरक्षक मोहसिन खान, आरक्षक रामचरण सिन्हा एवं थाना कोतवाली से आरक्षक रंजीत चौरसिया, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

## संपादकीय

# अडानी के बाद सेवी क्यों है निशाने पर

ऐसी कंपनी पर कोई कैसे भरोसा कर सकता है,जिसका काम संदेहास्पद रिपोर्ट जारी कर किसी नामी कंपनी की साख, किसी संस्था के चेयरपरसन की विश्वसनीयता पर शक पैदा करना हो। हमारे देश में कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण वही करते हैं जो शार्ट सेलिंग कंपनी अपने आका के इशारे पर भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए करती है। हिंडनबर्ग कंपनी के मकसद को हमारे देश के राजनीतिक दलों के नेता समझते नहीं है या जानबूझकर समझना नहीं चाहते हैं। वह सोचते हैं कि यह कंपनी तो उनके टारगेट को टारगेट कर रही है, इससे तो उनके आरोपों को ही बल मिलता है। हकीकत में हिडनबर्ग कंपनी अमरीका जैसे देश का ऐसा टूल है जिसका इस्तेमाल वह भारत में राजनीतिक व आर्थिक अराजकता फैलाने के लिए करता है। पहले उसने अडानी को नुकसान पहुंचाने के लिए संदेहास्पद रिपोर्ट जारी की थी और भारत व अडानी के कंपनी के हमले के लिए तैयार नहीं होने के कारण वह अडानी व भारत के लोगों को नुकसान पहुंचा कर खुद करोड़ो रुपए का मुनाफा कमाया था।हिंडनबर्ग कंपनी ने इस बार अडानी को नहीं सेवी के चेयरपरसन को अपना टारगेट बनाया है तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि उसने ऐसा क्यों किया है।हकीकत यह है कि उसके पास अडानी के खिलाफ कुछ भी नया नहीं है, वही पुरानी बातें हैं,जिसे सेवी ने नकार दिया और अडानी ग्रुप को क्लीन चिट दे दी थी और कंपनी को कारण बताओं नोटिस जारी किया और पक्षपातपूर्ण शार्ट सेलिंग के मकसद से जारी रिपोर्ट को लेकर जवाब मांगा था। हिंडनबर्ग कंपनी सच्ची होती तो वह सेवी के कारण बताओं नोटिस का जवाब देती,उसने ऐसा नहीं किया और सेवी के चेयरपर्सन पर एक रिपोर्ट जारी कर उनकी विश्वसीनीयता पर सवालिया निशान लगाने का प्रयास किया।इससे हुआ यह है कि हिंडनबर्ग कंपनी की विश्वसनीयता पर ही सवालिया निशान लग गया है।यही वजह है कि जवाब में अडानी ग्रुप के खिलाफ कोई नया सबूत पेश करने की जगह सेवी को ही सवालों के कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया है, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का इस बार भारत मे कोई खास असर नही हुआ। सुबह शेयर बाजार में गिरावट के बाद बाजार कुछ देर में ही संभल गया। क्योंकि हिंडनबर्ग ने इस बार जिस पर आरोप लगाया है, उसने तो साफ कह दिया है कि हिंडनबर्ग जो आज बता रहा है, वह तो पहले ही सरकार को बता चुकी हैं। यानी हिंडनबर्ग पुरानी बात को उजाकर भारत मे बवाल पैदा करने को सोच रहा था, वैसा कुछ नहीं हुआ तो इसलिए कि बवाल होने का चांस ही नही था। रिपोर्ट में भी बवाल होने लायक कुछ नही था।सेवी की चेयरपर्सन व अडानी ग्रुप की तरफ से भी सही समय पर रिपोर्ट पर बयान जारी कर दिया गया, इसका असर यह हुआ कि पिछली बार की तरह हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से शेयर बाजार को कोई खास नुकसान नहीं हुआ। विपक्ष जरूर हमेशा की तरह उत्साहित हो गया कि उसे अडा़नी के खिलाफ कोई बड़ा मुद्दा मिल गया है।कांग्रेस ने तो हमेशा की तरह इसे अडानी का महाघोटाला बताकर जेपीसी से जांच कराने की मांग कर दी। कांग्रेस भी जानती है कि अगर हिंडनबर्ग के पास अडानी के खिलाफ कोई दस्तावेजी सबूत होता तो वह यह रिपोर्ट माधवी बुच के खिलाफ नहीं अडानी के खिलाफ जारी करता। हिंडनबर्क ने अडानी की जगह माधवी बुच पर हमला किया है तो साफ है कि वह बचाव की मुद्रा में है, अपनी साख बचाने के लिए वह सेवी चेयरपरसन की साख पर शक पैदा करना चाहता है। यह शक पैदा होता यदि सेवी चेयरपरसन ने कुछ छिपाया होता। कुछ गलत किया होता। उन्होंने इंकार किया होता कि हिंडनबर्ग ने जो बताया वह गलत है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट इस बार धमाका करने की बजाय फुस्स हो गई है।राहुल गांधी व कांग्रेस को फिर निराशा होगी कि वह मोदी सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक ठोस मामला तक नहीं तलाश कर पा रहे हैं। ऐसे में तो जनता यही मानेगी कि इस मामले में वह विदेशी ताकतों का मोहरा बन कर रह गए हैं।इससे राहुल गांधी व कांग्रेस की साख कम होती है। राफेल, हिडनबर्ग,पेगासस हर मामले में कांग्रेस नेता झूठे साबित हुए हैं क्योंकि वह बिना सोच समझे ही विदेशी कंपनी की रिपोर्ट व खबर पर यकीन कर लेते हैं। वह सोचते तक नहीं है कि इस विदेशी कंपनी का मकसद कहीं देश को नुकसान पहुंचाना तो नहीं है।

हादसा

# फिर श्रद्धालुओं की जान पर भारी पड़ी अव्यवस्था

(मनोज कुमार अग्रवाल -विभूति फीचर्स)



बिहार के जहानाबाद जिले में सावन के चौथे सोमवार बड़ा हादसा हुआ है। वाणावर स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में सोमवार सुबह भगदड़ मच गई। इसमें छह महिलाओं समेत सात लोगों की मौत हो गई।सावन के चौथे सोमवार के चलते सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रविवार देर रात से ही लगी हुई थी। बताया जा रहा है कि मंदिर में दर्शन को लेकर कुछ श्रद्धालुओं में कहासुनी हुई। इस दौरान पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इसके बाद मंदिर में अचानक भगदड़ मच गई।आधिकारिक तौर पर बताया गया है कि मंदिर में भगदड़ मचने के कारण कुछ लोग दब गए, जिनमें से सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रविवार रात से ही मंदिर में भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी और इसके बाद सोमवार तड़के वहां भगदड़ मच गई। फिहाल पुलिस ने सभी सात शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य चल रहा है। इसी दिन एक दूसरी बड़ी दुर्घटना में देवघर में भगवान शिव पर जल चढ़ा कर लौट रहे 6 कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसा पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में हुआ। श्रावण माह के सोमवार को बाबाधाम से भगवान शिव पर जल चढ़ाकर कार सवार सिक्किम की ओर जा रहे थे। कांवड़िए बागडोगरा रिजर्व फॉरेस्ट स्थित जंगली बाबा मंदिर की ओर से जा रहे थे। सभी फांसीदेवा के दानागंज इलाके के रहने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाबाधाम से आ रही कार अनियंत्रित हो गई और नेशनल हाईवे 31 पर चल रहे 6 लोगों को रौंदती हुई पलट गई। कार के परखच्चे उड़ गए। हमारे धार्मिक स्थल मंदिरों और कार्यक्रमों में भारी बदइंतजामी है। कायदे से श्रद्धालुओं की तादाद का सही आकलन कर उस की व्यवस्था बनानी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया जाता है। अभी एक महीने पहले ही 2 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक धार्मिक सभा में मची भगदड़ में 107 लोगों की जान चली गई।इनके अलावा बच्चों, महिलाओं समेत दजर्नों लोग घायल हुए हैं। ऐसा पहली बार नहीं है जब देश में किसी धार्मिक सभा में भगदड़ मची और दजर्नों ने जान गंवाई हो।पिछले कुछ सालों में कई धार्मिक सभाओं में भगदड़ जैसी घटनाएं घटी और बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हो गई थी। 31 मार्च, 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर आयोजित 'हवन' के दौरान एक प्राचीन 'बावड़ी' के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों की मौत हो गई थी। 1 जनवरी, 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की वजह से मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई थी और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। 14 जुलाई, 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में 'पुष्करम' उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवाई और अन्य 20 लोग



घायल हो गए थे। 3 अक्टूबर, 2014 को दशहरा समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मचने से 32 लोगों की मौत हो गई थी और 26 अन्य घायल हो गए थे. 13 अक्टूबर, 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे, तब यह अफवाह फैल गई थी कि नदी के जिस पुल को लोग पार कर रहे थे, वो ढहने वाला है।

19 नवंबर, 2012 को पटना में गंगा नदी के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में करीब 20 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। 8 नवंबर, 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में 20 से ज्यादा लोग मारे गए थे।14 जनवरी, 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में लोग सबरीमला के दर्शन कर घर लौट रहे थे, जब एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालु मारे गए थे और 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में करीब 63 लोग मारे गए थे।यहां लोग स्वयंभू बाबा से मुफ्त कपड़े और भोजन लेने के लिए इकट्ठा हुए थे, उस दौरान भगदड़ मच गई थी।30 सितंबर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह की वजह से मची भगदड़ में करीब 250 श्रद्धालु मारे गए थे और 60 से ज्यादा घायल हो गए थे। 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह की वजह से मची भगदड़ में 162 लोग मारे गए थे और 47 घायल हो गए थे।25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में वार्षिक तीथर्यात्रा के दौरान 340 से अधिक श्रद्धालु कुचले गए और सैकड़ों घायल हो गए थे। यह दुर्घटना तब हुई थी, जब कुछ लोग नारियल की फिसलन पर फिसल गए थे।27 अगस्त, 2003 को महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में पवित्र स्नान के दौरान मची भगदड़ में 39 लोग मारे गए थे और करीब 140 घायल हो गए। इन हादसों को याद दिलाने का एकमात्र उद्देश्य यह बताना है कि देश के हर हिस्से में हमारे तीर्थस्थलों,मंदिरों,धार्मिक आयोजनों, स्नान पर्व, कांवड यात्राओं ,गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्राओं ,दशहरा मेला आदि के दौरान भी भारी अव्यवस्था लापरवाही और संयम, आत्मानुशासन का नितांत अभाव देखने को मिलता है। कायदे से जब हम किसी मंदिर में दर्शन अथवा धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के लिए जाते हैं तो हमें शांत, अनुशासित एवं संयमित व्यवहार करना चाहिए। हमारे प्रमुख मंदिरों सबरीमाला, वैष्णो देवी, नैना देवी, बांके बिहारी मंदिर मथुरा में भी अव्यवस्था और दर्शनार्थियों का ही असंयमित व्यवहार जानलेवा बन जाता है। जरूरत इस बात की है कि किसी भी मंदिर ,धर्मस्थल अथवा आयोजन में शामिल होने की अनिवार्य शर्त बतौर हम अनुशासित परस्पर सहयोगी व्यवहार को आत्मसात करने का प्रण लें। ऐसा करने के लिए तमाम धर्म गुरु, कथा वक्ता आयोजक व प्रबंधक आम लोगों को मानसिक रूप से तैयार करे और प्रेरणा दें। सिर्फ संयमित व जिम्मेदाराना व्यवहार के बूते पर ही धार्मिक मेलों और कुंभ सरीखे स्नान पर्वों, पुरी रथयात्रा व कांवड यात्राओं समेत धार्मिक स्थलों के दर्शन को हादसा मुक्त बनाया जा सकता है और हर साल सैकड़ों श्रद्धालुओं को मौत के मुंह में जाने से रोका जा सकता है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा और आप अपनी संतान को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे, क्योंकि उनके मनमाने व्यवहार के कारण आपको समस्या आएगी। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। कोई पुराना रोग बढ़ने की संभावना है। आप कहीं निवेश करने से पहले सोच विचार अवश्य करें। आप अपने मित्रों के साथ किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी, तो उसके लिए आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आज आप अपने महत्वपूर्ण कामों पर ध्यान लगाएंगे, जिससे आपको अपने कामों को करने में आसानी होगी। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। जीवनसाथी से आपकी कुछ खटपट हो सकती है। आप ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है और किसी से भी कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। कोई कानूनी मामला यदि आपको लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो उसमें आपको जीत मिलेगी। आप अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधान रहें। आपको कुछ जोखिम उठाने से बचना होगा। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप पर यदि कुछ पुराने कर्ज थे, तो आप उन्हें भी काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे। आपको यदि किसी को पार्टनर बनना पड़े, तो उसकी पूरी जांच पड़ताल आवश्यक करें। आपका कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है, जो आपको परेशानी देगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको संतान की सेहत की यदि कोई चिंता सता रही थी, तो वह दूर होगी। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके मिलने की पूरी संभावना है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार मिल सकता है। आप अपने कामों से अपने अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो वह आपको धोखा दे सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा। आपका कोई मित्र आपसे किसी निवेश संबंधी योजना को लेकर बातचीत कर सकता है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। ऑनलाइन व्यवसाय कर रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि उनके साथ कोई फ्रॉड हो सकता है। आप अपने बिजनेस में कुछ झगड़ालू लोगों से सावधान रहे, नहीं तो वह कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। यदि आपको कोई तनाव चल रहा था, तो वह भी दूर होता दिख रहा है। आपको किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी पिकनिक पर जाने की योजना बनाएंगे। आपको अपने पिताजी की सलाह लेकर पारिवारिक बिजनेस में अच्छा मुनाफा होगा। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करेंगे, तो वह आपको अच्छा लाभ अवश्य देगी।

वृश्चिक- आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाना नुकसान देगा। आपको अपने जीवनसाथी के लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं को लेकर आप परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होंगी। आप तरक्की की राह में आगे बढ़ेंगे घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए धर्म-कर्म के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। माता-पिता का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको कामों से अच्छी आपकी पहचान होगी। राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोग थोड़ा सतर्क रहे, क्योंकि उनके कुछ विरोधी उनको परेशान करने की कोशिश करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में किसी बात की गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। यदि ऐसा हो, तो उसे दूर करने के लिए बातचीत अवश्य करें। आप अपनी संतान के संगति को लेकर विशेष ध्यान दें।

मकर- आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको अपने मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी अच्छे पद की प्राप्ति होने की संभावना है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी और सभी सदस्य एकजुट रहेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप अपनी बुद्धि से काफी कुछ पा सकते हैं। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको किसी से कोई भी लेनदेन बहुत ही देखभाल कर करना होगा, नहीं तो उसमें आपसे कोई गड़बड़ी हो सकती है। आपकी भाइयों से किसी बात को लेकर कहासुनी होने की संभावना है। यदि ऐसा हो, तो आपको उनसे मिल बैठकर बातचीत करना बेहतर रहेगा। आप किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें, नहीं तो वह आपको धोखा दे सकता है। आपको अपने पिताजी की सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपका कामों से किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरा होने की संभावना है। आपको किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान हो सकता है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन जीवनसाथी को करियर में कुछ समस्याएं हो सकती हैं।

## यादें

# आजादी के समर्पित सेनानी- विद्या प्रसाद यादव

जसीम कूरैशी

देश की आजादी की लड़ाई के लिए संकल्पित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में जब उग्रवाद काल (गरम




दल) का दौर चल रहा था और लाल -बाल- पाल का बोलबाला था। उस दौर में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में भी अंग्रेजों के विरुद्ध चिंगारी सुलग रही थी। छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के अर्जुन कहे जाने वालों में ग्राम दैहान /छुईखदान के ठाकुर प्यारेलाल सिंह सन- 1909 ई.में ही लोगों में जनजागृति लाने हेतु राजनांदगांव में सरस्वती पुस्तकालय की स्थापना कर चुके थे। यह राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र बन गया. जन जागरण के इस दौर में राजनांदगांव से लगभग 44 किलोमीटर दूर छुरिया विकासखंड के घने जंगलों के बीच स्थित छोटे से गांव घोघरे में 10 नवंबर 1911 ई. को विद्या प्रसाद यादव का जन्म हुआ। यादव दंपति शंकर प्रसाद एवं उत्तम यादव के इकलौते पुत्र विद्या प्रसाद यादव अपने नाम के अनुरूप विद्या ग्रहण करने में भी अव्वल रहे और बाद में कृषि कार्य में संलग्न हो गए। इनका विवाह गया बाई यादव से हुआ। विद्या प्रसाद आगे चलकर छुरिया क्षेत्र के विभिन्न गांव में ऐसी जागृति फैलाई की वनांचल के लोग सत्याग्रह कर अंग्रेजों के विरुद्ध हल्ला बोलने लगे। शंकर प्रसाद के इस पुत्र ने सुख सुविधा को त्याग कर गांधीजी के आव्हान पर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े और जेल भी गए । मां उत्तम यादव की इस जांबाज बेटे ने भारत माता को अंग्रेजों से मुक्त कराने का बीड़ा उठाकर अति उत्तम कार्य किया। इनका विवाह गया यादव से हुआ.

### गांधी जी का दर्शन लाभ

विद्या प्रसाद यादव 22 वर्ष के थे उस समय गांधी जी अपने द्वितीय छत्तीसगढ़ प्रवास के रूप में 22 नवंबर सन- 1933 को दुर्ग पहुंचे। गांधी जी के दर्शन लाभ लेने की दृष्टि से विद्या प्रसाद अपने चचेरे भाई विशेश्वर प्रसाद यादव के साथ राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के लिए साइकिल से निकल पड़े। विद्या प्रसाद यादव महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर आसपास के ग्रामों में जाकर अंग्रेजो के खिलाफ जनता को जागृत करने लगे। जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ठाकुर प्यारेलाल सिंह ,लोटन सिंह ठाकुर ,कन्हैयालाल अग्रवाल ,दामोदरदास टावरी, गोवर्धन लाल वर्मा के साथ छुरिया क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों विश्राम दास बैरागी, तुलसी प्रसाद मिश्रा, विशेश्वर प्रसाद यादव, बहुर सिंह, रामाधीन गोड के साथ मिलकर अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ छुरिया तहसील के अनेक ग्रामों में अंग्रेजो के खिलाफ पद यात्रा के माध्यम से जन जागरण एवं विदेशी सामानों का बहिष्कार करने का कार्य जोर-शोर से किया।

### जंगल सत्याग्रह में भाग

जब वे 28 वर्ष के थे तब सन 1939 में अंग्रेजों की जंगल नीति के विरोध में जंगल सत्याग्रह का आंदोलन छुरिया क्षेत्र में काफी जोर पकड़ लिया। गांधी जी से प्रेरित होकर उन्होंने जंगल सत्याग्रह में बढ़ चढ़कर भाग लिया। छुरिया ग्राम के घुपसाल एवं बापूटोला (चिचोला) के विभिन्न ग्रामों के लोग अंग्रेजों की गलत वन नीति के विरोध में शामिल हुए। घुपसाल एवं बापूटोला में आंदोलनरत जनता पर अंग्रेज सिपाही द्वारा बर्बर लाठीचार्ज किया गया। यहां यादव जी अंग्रेजी शासन द्वारा गिरफ्तार कर लिए गए। उनके विरुद्ध राजद्रोह का मुकदमा चलाया गया। सुनवाई के दौरान अंग्रेजों द्वारा माफी मांगने का दबाव बनाया गया लेकिन वे झुके नहीं। फल स्वरूप उन्हें



12 फरवरी 1939 से 1 वर्ष 9 माह की कठोर कारावास हुई. उन्हें राजनांदगांव जेल में रखा गया .जेल से छूटने के बाद फिर से आजादी की लड़ाई में सक्रिय हो गए.

### सामाजिक कार्य

उनके सुपुत्र प्रकाश यादव जी (पूर्व विधायक खुज्जी ) और सुभाष यादव जी (समाजसेवी छुरिया) बताते हैं कि आजादी के बाद वे कांग्रेस पार्टी छोड़कर समाजवादी आंदोलन से जुड़कर मृत्यु पर्यंत सवर्हारा वर्ग के लिए संघर्ष किए।

### भूदान आंदोलन में भागीदारी

आचार्य विनोबा भावे जी के भू आंदोलन से प्रभावित होकर उन्होंने स्वयं 25 एकड़ भूमि दान कर भूमिहीनों को वितरित किया। साथ ही वे आंदोलन से जुड़ कर उन लोगों को भी प्रेरित किया जिनके पास अधिक जमीन थी। यादव जी से प्रेरित होकर अनेक बड़े कृषकों ने अपनी जमीन भूमिहीनों को प्रदान किए। उनके योगदान को देखते हुए आजादी के इस सक्रिय सेनानी को 15 अगस्त 1972 को आजादी के 25 वें वर्ष पर प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने ताम्रपत्र भेंट कर सम्मानित किया. मई 2002 में वे स्वर्गवासी हो गए.

विश्लेषण

# वो शम्मा क्या बुझे जिसे रोशन खुदा करे

तनवीर जाफरी



पेरिस ओलम्पिक खेलों में जिसे स्वर्ण पदक की सबसे बड़ी उम्मीद के रूप में देखा जा रहा था वह महिला पहलवान विनेश फोगाट 100 ग्राम के मामूली वजन (overweight ) को लेकर सेमीफाइनल जीतने के बावजूद न केवल फाइनल खेलने के लिये अयोग्य घोषित कर दी गयी बल्कि उसे सेमीफाइनल जीत के पदक से भी महरूम रखा गया। हरियाणा के चरखी दादरी ज़िले की विनेश फोगाट को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भारतीय पहलवान का गौरव हासिल है। वे वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर विनेस टोक्यो ओलंपिक जीतने वाली भी पहली भारतीय महिला पहलवान हैं। परन्तु इस जुझारू महिला पहलवान के साथ पेरिस में जो हुआ उसे देखकर पूरा देश स्तब्ध व दुखी है। विनेश फोगाट पेरिस में महिला कुश्ती के फाइनल में पहुंच चुकी थीं। देश उनसे गोल्ड मेडल की उम्मीद लगाये बैठा था। परन्तु पेरिस ओलंपिंक में फाइनल खेलने से पहले ही मात्र 100 ग्राम भार अधिक होने की कारण उन्हें फाइनल खेलने के अयोग्य घोषित कर दिया गया। साथ ही उनको सिल्वर मेडल से भी वंचित रखा गया। बहरहाल विनेश उन छः जुझारू महिला पहलवानों में एक प्रमुख थी जिसने भारतीय कुश्ती महासंघ यानी डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये थे। पिछले दिनों दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने तो बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप तय भी कर दिये। यही वह विनेश फोगाट थी जिसे बृजभूषण शरण सिंह के यौन उत्पीड़न की शिकार उसकी साथी महिला पहलवानों के साथ दिल्ली में धरने से बलपूर्वक जबरन उठाया गया था और पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया गया था। यही विनेश फोगाट थी जो अपनी सरकार के पक्षपात व व्यवस्था से दुखी होकर अपने साथी पहलवानों के साथ अपने विश्वस्तरीय मैडल गंगा में प्रवाहित करने हरिद्वार पहुँच गयी थी जिसे अंतिम समय में कई किसान नेताओं ने समझा बुझाकर रोका। देश यह भी कभी नहीं भूलेगा कि जब देश का गौरव बढ़ाने वाली यह बेटियां दिल्ली की सड़कों पर अपने लिये न्याय की गुहार लगा रही थीं उस समय किस तरह एक बाहुबली सांसद के प्रभाव में आकर सत्ता व सत्ता का चाटुकार मीडिया कैसे कैसे अफसाने गढ़ रहा था। जिस बृज भूषण के विरुद्ध अदालत यौन शोषण के आरोप तय कर चुकी है, सार्वजनिक सभाओं में वही बाहुबली देश की इन बेटियों की तुलना कैकेई और मंथरा से करता फिर रहा था और उसी दौरान शक्ति प्रदर्शन कर अपनी बेगुनाही का सबूत देना चाह रहा था। देश वह दिन कैसे भूल सकता है जब 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री देश की नवनिर्मित संसद भवन का



उद्घाटन कर रहे थे उसी दिन यौन शोषण का शिकार इन्हीं पदक विजेता लड़कियों को पुलिस सड़कों पर घसीट रही थी ताकि वे रोष व्यक्त करने संसद भवन तक न जाने पायें ? सत्ता के चाटुकार इन्हें धरना जीवी बता रहे थे ? स्वयं दुश्चरित्र लोगों द्वारा ही इन होनहार पदक विजेताओं के चरित्र पर सवाल उठाये जा रहे थे ? उन्हें धमकियां तक दी जा रही थीं ? सत्ता के चाटुकार,भ्रष्ट व खुशामद परस्त पत्रकारों ने भी उसी समय सत्ताधारी बाहुबली सांसद का साथ देते हुये इन आदर्श नारियों का जमकर अपमान किया व उन्हें अपने मीडिया तंत्र के माध्यम से बदनाम करने में कोई कसर उठा नहीं रखी। कोई इन लड़कियों को 'फुंके हुए कारतूस' बता रहा था तो कोई गोदी एंकर यह कह रहा था कि अब तो इनकी कुश्ती खत्म हो जाएगी। एक चरण चुम्बक एंकर तो पूरा हिसाब किताब लगाकर बता रहा था कि 'विनेश फोगाट पर 2 करोड़ 16 लाख रुपए खर्च हुए। साथ ही यह ज्ञान भी दे रहा था कि 'टैक्स से आता है पैसा', यह पब्लिक का पैसा है'। मशहूर तिहाड़ी एंकर तो यहाँ तक कहते सुना गया कि 'खिलाड़ी इनाम में प्राप्त धनराशि को वापस लौटा कर अपना विरोध जता सकते हैं'। ऐसी और इससे भी अपमानजनक बातें देश की आन बान और शान समझी जाने वाली इन महिला पहलवानों के लिये दलाल,रिश्वतखोर,भ्रष्ट व बेजमीर स्वयंभू पत्रकारों द्वारा की गयी थीं। आखिरकार सत्ता से टकराने व इतना जबरदस्त तनाव झेलने के बावजूद विनेश फोगाट ने ओलंपिक चैंपियन को व दो अन्य विश्वस्तरीय पहलवानों को रेसलिंग में शिकस्त देकर पूरे विश्व को अपना लोहा मनवा ही दिया। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विनेश के लिए सोशल मीडिया एक्स पर एक भावुक संदेश लिखा।उन्होंने लिखा कि - 'विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हैं ! आप भारत का गौरव हैं और हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज की असफलता दुख देती है। काश मैं शब्दों में उस निराशा को व्यक्त कर पाता जो मैं अनुभव कर रहा हूं। साथ ही, मैं जानता हूं कि आप दृढ़ता की प्रतिमूर्ति हैं। 'चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। और मजबूत होकर वापस आओ ! हम सब आपके लिए प्रार्थना कर रहे हैं।' आज पूरा देश विनेश फोगाट के साथ पेरिस ओलंपिक में हुए घटनाक्रम को लेकर ग़मजदा है। निःसंदेह विनेश ने पेरिस ओलंपिक में अपनी सफलता का परचम लहराकर उन लोगों के मुंह पर एक करारा तमंचा जड़ दिया है जो उनके संघर्ष का मजाक़ उड़ाते हुये दुश्चरित्र सत्ता धीशों के साथ खड़े थे और उल्टे उन्हें धरना जीवी बताकर उन्हीं को बदनाम करने की साजिश रच रहे थे। उन भांड गोदी पत्रकारों को भी जवाब मिल गया जो खिलाड़ियों से पैसों का हिसाब मांग रहे थे व उसपर खर्च हुये पैसों को जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी बता रहे थे। यह भी पता चल गया होगा कि फुंका कारतूस कौन है और जिंदा कौन। मैं भी व्यक्तिगत रूप से निवेश के कुश्ती से सन्यास लेने के फैसले से काफी आहत हूँ और उनसे गुजारिश करता हूँ कि देश को स्वर्ण दिलाने के बाद ही उनका सन्यास लेना बेहतर होगा। वे अपने इस निर्णय पर जरूर पुनर्विर्चार करें। बहरहाल देश की गौरव और हरियाणा की शान विनेश फोगाट ने एक ही दिन में विश्व के तीन चैम्पियन पहलवानों को धूल चटाने के बाद यह प्रमाणित कर दिया है कि -'फानूस बन के जिसकी हिफाजत हवा करे। वह शम्मा क्या बुझे जिसे रौशन खुदा करे।

## प्रेगनेंसी के बाद वजन कम करने के घरेलू उपाय

प्रेगनेंसी के दौरान हर महिला का वजन बढ़ता है लेकिन प्रसव के बाद बच्चे की जिम्मेदारी के साथ बढे हुए वजन को कम कर पाना सबके लिए संभव नहीं होता है। इसलिए कई महिलाएं प्रेगनेंसी के बाद अपने मोटापे को लेकर काफी परेशान हो जाती हैं। एक महिला जब माँ बनती है तो जिम्मेदारियों के साथ उसके शरीर में भी काफी बदलाव होते हैं, जिसमे हार्मोनल बदलाव भी शामिल है। ऐसे में वजन कम कर पाना एक चुनौती बन जाती है। जो महिलाएं नियमित एक्सरसाइज करती हैं उनके लिए वजन कम करना अन्य महिलाओं की तुलना में फिर भी आसान होता है। लेकिन जिन महिलाओं की डेलिवरी सर्जरी द्वारा होती है उनके लिए यह समस्या ज्यादा गंभीर हो जाती है। आशा आयुर्वेदा की डायरेक्टर तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चंचल शर्मा इस विषय में बताती हैं कि वो महिलाएं जिनकी डिलीवरी सर्जरी से हुयी है उन्हें 6 महीने तक कोई भी इंटेंस एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए। एक्सरसाइज न करने के कारण प्रेगनेंसी के बाद पेट की चर्बी कम करना और भी मुश्किल हो जाता है लेकिन कुछ ऐसे कारगर घरेलु नुस्खे हैं जिसे अपनाकर आप अपना वजन कम कर सकती हैं। अजवाइन का पानी पियें : आपने देखा होगा अक्सर महिलाओं को बच्चा होने के बाद अजवाइन का पानी पीने के लिए दिया जाता है। अगर आप स्वाद के लहजे से देखेंगी तो शायद अजवाइन का पानी आपको पसंद ना आए लेकिन अगर आपने एक बार इसके फायदे जान लिए तो इसे जरूर पियेंगी। अजवाइन के पानी को नियमित रूप से पीना चाहिए क्यूंकि इससे आपकी बढ़ी हुयी चर्बी कम हो जाती है। आप अजवाइन को पानी के साथ थोड़ी देर उबाल लें और फिर उसे छानकर किसी बोतल में भर लें। अब पुरे दिन इसी पानी का सेवन करें। ऐसा करने से आपका वजन कम होगा। प्रेगनेंसी के 2 महीने बाद आप इसके सेवन का तरीका बदल सकती हैं और अजवाइन को पूरी रात पानी में भिगोकर छोड़ दें। सुबह उठाकर उसे छान लें और खली पेट में इसका सेवन करें। इससे आपका वजन कम होगा। ग्रीन टी पियें : जिन महिलाओं को प्रेगनेंसी के बाद वजन कम करना होता है उन्हें अपनी डाइट में एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ग्रीन टी जरूर शामिल करनी चाहिए। यह ग्रीन टी आपके वजन को घटाने में मदद करेगा। आप ग्रीन टी को अपने दूध वाली चाय या कॉफी के साथ रिप्लेस भी कर सकती हैं। इसका सेवन करने के लिए उचित समय भोजन से पूर्व का होता है। यह आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ा देता है। आप ग्रीन टी के साथ चीनी या शहद जैसी मीठी चीजों को अवॉयड करें फिर देखें यह आपके स्किन का ग्लो बढाकर कैसे वजन कम करता है।

## एक नजर

### नागाराम के पूर्व सरपंच की नक्सलियों ने कर दी हत्या

**जगदलपुर 13 अगस्त।** बस्तर संभाग के सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के ग्राम नागाराम में नक्सलियों ने रविवार देर शाम पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए पूर्व सरपंच हेमला सुकलाल की हत्या कर दी। वहीं एक अन्य हैरतअंगेज घटना में नक्सलियों की चेतावनी से भयभीत एक महिला हेमला सन्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस मामले की पुलिस द्वारा तस्दीक की जा रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार को रात करीब 8-9 बजे के बीच आधा दर्जन से भी ज्यादा नक्सलियों ने नागाराम के पूर्व सरपंच 55 वर्षीय हेमला सुकलाल की गला रेंतकर हत्या कर दी। सुकलाल की हत्या की जिम्मेदारी नक्सलियों की केरलापाल एरिया कमेटी ने ली है। हत्या करने वाले नक्सलियों ने घटना स्थल के आसपास पर्चा फेंककर सुकलाल पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया है और इसी वजह से उसे मौत की सजा देने की बात कही है। उधर एक सनसनीखेज घटना में नक्सलियों की चेतावनी से भयभीत एक महिला हेमला सन्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सुकमा पुलिस ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि सलवा जुडूम का हवाला देते हुए एक निर्दोष ग्रामीण की नक्सलियों की केरलापाल एरिया कमेटी के नक्सलियों द्वारा हेमला सुकलाल हत्या की गई है। प्रकरण मे नक्सलियों क़े विरुद्ध हत्या का अपराध थाना चिंतलनार में पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण की पुलिस विवेचना जारी है।

### स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में विधायक किरण देव करेंगे ध्वजारोहण

**सुकमा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व के अवसर पर सुकमा जिले में आयोजित मुख्य समारोह में श्री किरण देव विधायक जगदलपुर, मिनी स्टेडियम सुकमा में प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगे फिर गार्ड ऑफ ऑनर की प्रक्रिया की जाएगी और इसके पश्चात मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन आम जनता के लिए किया जायेगा।

### जिले में 14 अगस्त को सद्भावना दौड़ का होगा आयोजन

**सुकमा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। सद्भावना दौड़ सुबह 07 बजे जगदलपुर-दंतेवाड़ा चौक से प्रारंभ कर, घड़ी चौक होते हुए मिनी स्टेडियम सुकमा में समाप्त किया जाएगा। इस दौड़ में जिले के स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, खेल संघों के खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक तथा आमजन शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने सभी प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ियों, स्काउट गाइड के सदस्यों को इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने एवं सहिष्णुता व देशभक्ति का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### नशामुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई गई नशामुक्ति प्रतिज्ञा



**सुकमा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण विकसित करने तथा राष्ट्र को नशामुक्त बनाने के लिए नशामुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) का संचालन जिले में किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हरिस. एस के मार्गदर्शन में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नशामुक्त भारत अभियान के बैनर तले युवाओं, बच्चों, शैक्षणिक संस्थानों, महिलाओं और जन समुदाय की भागीदारी के साथ मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम करने, समय-समय पर मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित जागरूकता प्रचार-प्रसार कार्यक्रम, नशा बंदी शपथ आदि का संचालन किया जा रहा है। नशामुक्त भारत अभियान के तहत आज सुकमा जिले में विकसित भारत मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर सभी विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनसामान्य को नशामुक्ति प्रतिज्ञा दिलाई गई।



**सुकमा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । बदल रही सुकमा की छवि, अब सुकमा की बेटी दिल्ली में आयोजित 15 अगस्त कार्यक्रम में बनेगी विशेष अतिथि । प्रदेश से तीन छात्रों का हुआ चयन। जिसमे बालिका आवासीय पोठाकेबिन बलाटिकरा की छात्रा को मिला मौका। 12 अगस्त को दिल्ली होगी खाना। पीएमश्री स्कूल की टॉपर रही छात्रा कु. देशों को मिला मौका। नक्सल प्रभावित चितलनार गाँव की रहने वाली है छात्रा।

# गदापाल आश्रम में डीजे संग चल रही थी बर्थ-डे पार्टी, अधीक्षक निलंबित

## सरपंच की शिकायत पर जांच में मौके पर पहुंचे तहसीलदार व पटवारी, अधीक्षक को किया निलंबित, मंडल संयोजक को थमाया नोटिस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 13 अगस्त।** शनिवार देर शाम गदापाल बालक आश्रम में एक बर्थडे पार्टी का आयोजन किए जाने की खबर मिली है। शिकायत कलेक्टर तह पहुंची तो तत्काल ही कलेक्टर ने रात में ही तहसीलदार को जांच के लिए रवाना किया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार व पटवारी की टीम ने जांच कर रिपोर्ट सहायक आयूक्त को सौंप दिया। प्राथमिकी जांच रिपोर्ट के आधार पर सहायक आयूक्त ने आश्रम अधीक्षक का निलंबन आदेश जारी कर दिया वहीं मंडल संयोजक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।



गौरतलब है कि दंतेवाड़ा जनपद अंतर्गत धुर नक्सल क्षेत्र गदापाल के नाकापारा में एक बालक आश्रम संचालित है। उक्त आश्रम में करीब 83 छात्र रहते हैं। खबर है कि बीते शनिवार देर शाम आश्रम के अधीक्षक निलकंठ पार्ते ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर आश्रम में ही धुम धड़ाके के साथ पार्टी का आयोजन किया था। देर शाम डीजे साउंड के साथ पार्टी चल रहा था। गांव के शांत माहौल में डीजे की तेज आवाज से परेशान वहां के लोगों ने इसकी शिकायत सरपंच से की। जिसके फौरन बाद सरपंच बोमड़ा मंडावी ने आश्रम में चल रहे पार्टी की जानकारी कलेक्टर दंतेवाड़ा व सहायक आयूक्त श्री मशराम को दी। जिसके फौरन बाद ही कलेक्टर ने तहसीलदार विनीत कुमार सिंह को जांच के लिए गदापाल आश्रम जाकर भेजा। तहसीलदार एवं पटवारी की टीम मौकाए स्थल गदापाल आश्रम पहुंची और जांच की तो आश्रम के अंदर बर्थडे पार्टी किया जाना एवं आश्रम में डीजे सिस्टम लगा होने पाया जिसके बाद मौकाए जांच कर अधिकारी वहां से निकल गए। जब अधिकारी आश्रम में जांच में पहुंचे तो उस वक्त आश्रम में मंडल संयोजक नागेश जायसवाल भी मौजूद थे। सरपंच बोड़मा राम ने बताया कि आश्रम में एक सप्ताह पूर्व भी अधीक्षक की पत्नि का बर्थ डे मनाया गया था उस दौरान भी डीजी की व्यवस्था की गई थी। अधीक्षक निलकंठ पार्ते के बर्थडे पार्टी भी आश्रम में आयोजित किया गया था। इस दौरान अधीक्षक की पत्नि भी मौजूद थी। सरपंच की माने तो पार्टी में मंडल संयोजक भी शामिल थे। आश्रम के बच्चों ने खुद उन्हें यह बताया कि नागेश सर भी थे। मंडल संयोजक नागेश ने अधीक्षक के कहने पर ही उनकी पत्नि को भी दंतेवाड़ा से अपने साथ लेकर आश्रम आए थे ऐसा सरपंच बोमडा का साफ तौर पर कहना है। आश्रम के अंदर बर्थ डे पार्टी मनाने का यह मामला बेहद गंभीर है । इस तरह के कृत्य कतई माफी लायक नहीं है। आश्रम में ऐसे आयोजनों से बच्चों के मानसिकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा बच्चे की पढ़ाई भी बाधित होती है। डीजे जैसी तेज आवाज वाली साउंड सिस्टम का उपयोग भी शैक्षणिक संस्थानों में बजाना पूर्णतः वर्जित है। हांलाकि इस कृत्य के लिए आश्रम अधीक्षक को तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के आधार पर निलंबित कर दिया है वहीं मंडल संयोजक को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। ग्राम गदापाल के सरपंच का कहना है कि केवल अधीक्षक को ही क्यों निलंबित किया गया जबकि दोषी तो मंडल संयोजक भी है उन्हें क्यों बचाया जा रहा है? देखना होगा कि इस गंभीर मसले पर सहायक आयूक्त कितने गंभीर हैं और वे पार्टी में शामिल अन्य कर्मचारियों पर आगे क्या जांच कारवाई करते हैं यह देखने वाली बात होगी। मंडल संयोजक ने पार्टी में शामिल होने की बात से किया इनकार- इस पूरे मसले पर दंतेवाड़ा मंडल संयोजक नागेश जायसवाल का कहना है कि वे बर्थ डे पार्टी में प्रत्यक्ष तौर पर शामिल नहीं थे। उन्हें जानकारी मिली थी कि आश्रम में पार्टी चल रहा है जिसके बाद वह सच्चाई जाानने आश्रम पहुंचे थे उसी दौरान पीछे से तहसीलदार की टीम भी वहां आ गई थी। जांच के दौरान मैं आश्रम में मौजूद था यह सही है और मैने अपना कथन भी दर्ज करवाया है। मुझे अब तक कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है।

> गदापाल आश्रम में पार्टी मनाये जाने की बात सच है। सरपंच की शिकायत पर तहसीलदार मौके पर गए थे उन्होने जांच कर रिपोर्ट मुझे सौंपा है जिसके आधार पर हमने आश्रम अधीक्षक श्री पोर्ते को निलंबित किया है। मंडल संयोजक के वहां होने की बात भी सामने आई है मगर इस बात से वे इंकार कर रहे हैं। इसकी जांच भी हम कर रहे हैं। फिलहाल हमने मंडल संयोजक को नोटिस देकर जवाब मांगा है।
>
> **श्री के.एस.मशराम**
> **सहायक आयूक्त दंतेवाड़ा**



**सुकमा 13 अगस्त।** आज सुकमा जिला के विकासखंड छिंदगढ में मेरी अध्यक्षता मे बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप श्री जितेंद्र सिंह भदौरिया जी दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा एवं महेंद्र नायक जी के साथ-साथ छिंदगढ़ नगर के वरिष्ठ जन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे साथ ही साथ जनपद सीईओ, ग्राम पंचायत के सचिव, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे ,सभी ने हाई स्कूल ग्राउंड में 42 पौधे लगाएं सभी ने अपने-अपने नाम के पौधे लगाए और जाली लगाकर उसकी संरक्षित किया, और 58 पौधे बाज़ार मार्ग एवं अस्पताल मार्ग में लगाया गया ,कुल 100 पौधों का वृक्षारोपण आज छिंदगढ नगर में किया गया।

# रेत माफिया को बचाने पत्रकारों को गांजा केस में फ़ंसा दिया:हरीश कवासी

**सुकमा, 13 अगस्त।** जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाते कहा कि जिले में हो रहे अवैध खनन पर माइनिंग विभाग की बड़ी लापरवाही है। पड़ोसी राज्य के ठेकेदार छत्तीसगढ़ के शबरी का सीना चीर कर रेत की तस्करी रहे हैं। आगे कहा कि खबर कवरेज करने गए पत्रकार रेत माफिया के शिकार हो गए। कोंटा भाजपा के स्थानीय बड़े नेताओं कार्यकर्ता स्थानीय पुलिस विभाग के संरक्षण में रेत का खेल चल रहा था। रेत माफिया को बचाने के लिए पत्रकारों को साज़िश के साथ गाँजा केस में फ़ंसा दिया।




पिछले 6 महीने से भाजपा की सरकार बनते ही सुकमा जिला में कमीशन का खेल चल रहा है। राशन सप्लाई से लेकर आश्रम में अध्यक्षों की नियुक्ति निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार है। शासन प्रशासन भाजपा जिला अध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं पर जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने गंभीर आरोप लगाए। प्रेस वार्ता में हरीश कवासी ने कहा कि जिले में पत्रकारों के साथ जो अन्याय हुआ है, जिन्हें अवैध रूप से षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है, इसकी निष्पक्ष जांच करने में सरकार की तंत्र फेल हुई। भाजपा की साय सुशासन के राज्य में कुशासन है। अब पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है। लोकतंत्र के चौथा स्तंभ कहे जाने वाले खंब को षड्यंत्र से कमजोर किया जा रहा है। माइनिंग विभाग पर आरोप लगाते हुए हुए कहा कि आज जिला के पंचायत गांव कस्बे के घर निर्माण कार्य के लिए रेत की कीमत निर्धारित रेट से ज्यादा और रेत का नहीं मिल पा रहा है। जहां कहीं भी कालाबाजारी हो रही है, तो उसका जिम्मेदार माइनिंग विभाग है. छोटे-छोटे व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाती है, प र बड़े मगरमच्छों को पानी में छोड़ दिया जाता है जिले में रेत के पिट पास की व्यवस्था करने में विभाग लाचार है, मगर पड़ोसी राज्य में कालाबाजारी के लिए दोनों हाथ खुले है। सुकमा जिला के निर्दोष पत्रकारों को रेत माफिया द्वारा षड्यंत्र के तरीके से फंसा कर साबित कर दिया कि प्रशासकीय व्यवस्था हर मामले में फेल है। उक्त मामलों को लेकर शासन प्रशासन को न्यायिक जांच कर कार्रवाई करने के लिए कांग्रेस पार्टी के तरफ से जिला कलेक्टर को ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष शेख सजार जिला महामंत्री राजेश नारा जिला प्रवक्ता मोहम्मद हुसैन, नगर महामंत्री सत्येंद्र गुप्ता मौजूद रहे। कोंटा टीआई के खिलाफ एसपी ने दिए जांच के आदेश वहीं पत्रकारों की शिकायत पर कोंटा टीआई के खिलाफ एसपी किरण चव्हाण ने जांच के आदेश दिए।

### जिले में उत्साह एवं खुशी से हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा

**सुकमा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिले भर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत जनसामान्य में उत्साह एवं खुशी है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर नागरिकों की सहभागिता दिखाई दे रही है। इस अभियान में महिलाएं भी प्रसन्नता से शामिल हो रही गया। हर घर फहराए तिरंगा का यह संदेश खेतों में, चौक-चौराहों, गली-गली, मोहल्ले तक पहुंच रहा है। कलेक्टर श्री हरिस एस. ने जिले के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एव उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और योगदान व प्रोत्साहित करने, राज्य सरकार की वेबसाइटों और सोशल मीडिया का उपयोग कर जागरूकता फैलाने व हर घर तिरंगा कार्यक्रम को वेबसाइट harghartiranga.com के माध्यम से लिंक करने हेतु निर्देशित किया है।

## समाचार संक्षेप

### छात्रावास,आश्रम भवनों का बुरा हाल




**सुकमा 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । एक तरफ शिक्षा को बेहतर करने के नाम से शिक्षक पालको का बैठक किया जा रहे, दूसरी तरफ अध्ययन वाला छात्र छात्राओ का स्कूल, आश्रम, छात्रावास अन्तिम सांस ले रहे है, आदिवासी आश्रम छात्रावासो मे रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओ का भविष्य गढ़ने के वजाये बड़ी दुर्घटना का इन्तज़ार कर रहा है शिक्षा विभाग, छात्रावास आश्रम शालाये जर्जर अवस्था मे तब्दील, नाजुक अवस्था मे है रहकर पढ़ाई करने मे मजबूर आदिवासी छात्र, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम की टीम टाहकावाड़ा, कुमाकोलेग, नामापारा, बालेरास, तोंगपाल के आश्रम, छात्रावासो, पोटाकेबिन का दौरा किया गया, इस दौरान सभी भवन जर्जर अवस्था मे है, छात्र सोने के जगह पानी टपक रहा है, कमरा पानी भरने से बचाने के लिए बॉल्टी रखकर सोने के लिए मजबूर है छात्र, टॉयलेट बाथरूम अनुपयोगी अवस्था मे है पानी भरा है छात्र खेतो व नाला जंगल मे जाना पड़ता है, अधीक्षको नही सुनती है विभाग, समस्याओ का आवेदन जिला कार्यालय मे धुल खा रहा है, मीनू चार्ट आधार पर नही मिल रहा है, भोजन, पोटाकेबिन मे बच्चो को खिलाया जा रहा है, इन समस्याओ को लेकर जल्द मिलेगे शिक्षा विभाग को, पूर्व मे भी शैक्षणिक समस्याओ को लेकर दिया थी मांग पत्र, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन और भी बड़ी मामले करेगी खुलासा ,प्रशासन की अनदेखी का करेगें खुलासा।

### एआईएसएफ का स्थापना दिवस मनाया गया



**सुकमा 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के कार्यकर्ताओ ने 89 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुंजाम, पूर्व प्रांतीय सचिव हड़मा मरकाम, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश मरकाम,सोना मड़कम, संयुक्त छात्रावास अध्यक्ष जितेश सोड़ी प्रमुख रुप से रहे। इस अवसर पर प्रदेश व जिले के शैक्षणिक समस्याओ के सम्बन्ध मे विशेष चर्चा हुई । महेश कुंजाम ने स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन देश का पहला संगठन है जो आजादी के लड़ाई के दौरान दिनांक 12 -13 अगस्त 1936 को लखनऊ के गंगामेमोरियल हॉल मे मोहम्मद अली जिन्ना व पं जवहार लाल नेहरू के उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ तब से मनाया जा रहा है, आज शानदार 89 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया। छात्र संगठन का उदेश्य आजादी लड़ाई के दौरान शांति, प्रगति और स्वतंत्रता के लिए नारा दिया गया था, आजादी के बाद शांति, प्रगति और वैज्ञानिक समाजवाद, तथा वैज्ञानिक शिक्षा, सबको समान शिक्षा सबको रोजगार का नारा के साथ हमारा लड़ाई आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर एआईएसएफ के कार्यकर्ता कलमू मुका, सरेश, अरविंद कुंजाम, गंगा, तोगंपाल से सुखो मंडावी, छिन्दगढ से आयता राम, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिले के 9 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**सुकमा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा आयोजित शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत् 10 अगस्त, शनिवार को जिला नारायणपुर में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। सुकमा जिला के सहायक जिला खेल अधिकारी श्री कमल कोसरिया ने बताया कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में ताईकाण्डो खेल में सुकमा जिला के 12 खिलाडियों ने शामिल हुए। जिसमे से 09 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। सर्व संबंधित समस्त अधिकारियों ने इस सफलता के लिए सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## स्वतंत्रता दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को दिया अंतिम रूप, हायर सेकेंडरी स्कूल खेल मैदान में होगा आयोजन

# कलेक्टर-एसपी ने अंतिम फूल ड्रेस परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 13 अगस्त।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आज अंतिम फूल ड्रेस रिहर्सल किया गया। जिसमें जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक गौरव रामप्रवेश राय शामिल हुए एवं परेड की सलामी ली तथा आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन कर उन्हें अंतिम रूप प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर ने मुख्य समारोह हेतु की जा रहीं तैयारियों का भी जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



गौरतलब है कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 78वें स्वाधीनता दिवस का मुख्य समारोह नगर के हायर सेकण्डरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली स्वतंत्रता दिवस परेड के मुख्य परेड कमांडर आशीष नेताम (उप पुलिस अधीक्षक)एवं टू आईसी राम कुमार श्याम (उप निरीक्षक)के नेतृत्व में सीआरपीएफ, छ0ग0सशस्त्र बल 9वीं वाहिनी, जिला, पुरूष बस्तर फाइटर्स, महिला बस्तर फाइटर्स, महिला पुलिस बल, नगर सैनिक, स्काउट हायर सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा, गाईड हायर सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा, गाईड स्वामी आत्मानंद दंतेवाड़ा, सरस्वती शिशु मंदिर दंतेवाड़ा, के कुल 12 दल आस्था विद्या मंदिर जावंगा की बैण्ड पार्टी के देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आर्कषक मार्च पास्ट का प्रदर्शन करेगें। साथ ही नगर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के लगभग 500 छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक व्यायाम का प्रदर्शन तथा विभिन्न विद्यालयों द्वारा देशभक्ति व लोकगीतों के रंग में रंगे सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जायेगा। गणतंत्र दिवस परेड की अंतिम रिहर्सल के दौरान डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसडीएम जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू, सहायक आयुक्त के.एस.मशराम, एडिशनल एसपी स्मृतिक राजनाला, उप पुलिस अधीक्षक गोविंद दीवान, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अम्बस्ते, सहायक संचालक उद्यान डिकलेश कुमार, नगर पालिका सीएमओ पवन मेरिया, जिला मिशन समन्वयक एस.एल शोरी, पीएचई विभाग से निखिल कंवर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शिव ठाकुर, उद्योग विभाग से रवि नेताम, उप पुलिस अधीक्षक नसर उल्ला सिद्यकी, महिला डीएसपी उन्नति ठाकुर, रूचि वर्मा, हेड क्वार्टर डीएसपी आशा सेन, एसडीओपी दंतेवाड़ा राहुल उईके, एवं अन्य अधिकारीगण सहित सभी शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### राष्ट्र प्रेम का संदेश लेकर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नारायणपुर 13 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी जिला नारायणपुर के द्वारा क्रीडा परिसर मैदान से हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज मां भारती के जयघोष के साथ जिले में तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो में राष्ट्र प्रेम का संदेश लेकर निकाली गई। भारत माता का जयगान और अमर बलिदानियों तथा महापुरूषों का जयघोष करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा से जन-जन को जोड़ते हुए राष्ट्र प्रेम का संचार कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रारम्भ हुए हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हर घर पर तिरंगा, तिरंगा यात्रा, अमर बलिदानियों तथा महापुरूषो की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, विभाजन की विभिषिका पर गोष्ठी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। राष्ट्र प्रेम का संदेश लेकर भाजपा जन-जन तक पहुंच रही है।



एक नजर

## स्वतंत्रता दिवस से पहले मिनी स्टेडियम में की गई फुल ड्रेस रिहर्सल



**महासमुंद 13 अगस्त ।** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के लिए आज कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह ने स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी, एनएसएस की कुल 11 टुकड़ियों में परेड की सलामी दी। रिहर्सल मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, ध्वजारोहण, जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी श्री उमेश साहू मंच बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय (मिनी स्टेडियम) महासमुंद में रिहर्सल सुबह 9.00 बजे शुरू हुई। आज फुल ड्रेस रिहर्सल में वही इंतजाम रहे जो 15 अगस्त को रहेंगे। यानि 15 अगस्त वाले दिन समारोह में भी करीब-करीब यही अरेंजमेंट रहेगा। जिले के 6 स्कूलों से बच्चे छत्तीसगढ़ी और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। आज उनकी भी रिहर्सल की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक. अपर कलेक्टर श्री रवि साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी श्री उमेश साहू एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे ।जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि होंगे।

## कलेक्टर हर घर तिरंगा कार्यक्रम में शामिल हुए

**महासमुंद 13 अगस्त ।** स्वतंत्रता दिवस सप्ताह अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत भारतीय ध्वज तिरंगा को सम्मान देने और राष्ट्र के प्रति इस गौरव को संवर्धित करने सभी नागरिकों से अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि आम जन में देशभक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। इसके तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस हिन्दी में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने सभी अध्यापकगणों और छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। साथ ही नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत बच्चों को नशे से दूर रहने की समझाईश दी। उन्होंने इस अवसर पर तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## पालिका के पदाधिकारी एवं पार्षदों ने रैली निकाल देशभक्ति की भावना जगाई



**गरियाबन्द, 13 अगस्त।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विभिन्न पार्षद के साथ नगर के पुरुष व महिलाओं ने गरियाबंद के प्रमुख चौक चौराहों से रैली निकाल हर-घर तिरंगा का प्रचार प्रसार किया रैली नगर पालिका परिषद के कार्यालय से निकलकर तिरंगा चौक पहुंचा, तिरंगा चौक में नगर के सैकड़ो नागरिक रैली मे शामिल हुए जहां से यह रैली सुभाष चौक की ओर निकली रास्ता में पढ़ने वाले विभिन्न व्यवसाईयों ने इस रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तो वहीं दूसरी ओर अनेक लोगों ने इस रैली को लेकर बधाई दी उन्होंने कहा इस रैली के माध्यम से देश प्रेम की भावनाएं जागृत होती है और ऐसे आयोजन होना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फार मेमन, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनठेके पार्षद रखी यादव आसिफ मेमन प्रतिभा पटेल ज्योति साहनी विमला साहू वंश गोपाल सिंह के साथ ही अनिल चन्दाँकर सागर मय्यणी हरीश ठक्कर अश्वनी वर्मा सुमित पारख प्रकाश यादव के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## 15 अगस्त को होने वाले ध्वजारोहण का अंतिम रिहर्सल किया गया



**गरियाबन्द, 13 अगस्त।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आज अंतिम रिहर्सल सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय ने निभाई। उन्होंने राष्ट्र ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले भी मौजूद रहे। कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अंतिम रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए रिहर्सल के दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समारोह स्थल में अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पत्रकारों के लिए भी बैठक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान मंच संचालन भी बेहतर ढंग से हो सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर,एसडीएम विशाल महाराणा सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिले के तीनों शिव मंदिरों में पूजा के लिए लगी रही भक्तों की भीड़





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 13 अगस्त।** जिले में सावन का महीना आते ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में आना-जाना लग जाता है ।लोग अपनी आस और उम्मीद को लेकर भगवान के दर पर माथा टेकने पहुंचते हैं

बीजापुर जिले में देखा जाए तो मुख्य रूप से तीन महादेव मंदिर नेशनल हाईवे से लगे हुए स्थित हैवही दूसरा मंदिर भट्टी पारा में स्थित है जो काफी प्राचीनतम मंदिरों में से आता है । महादेव घाटमें स्थित शिव मंदिर की बात करें तो उन्हें गुत्तेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है ।जहां महादेव घाट अपनी मनोरम छटा बिखेरते नजर आती है तरह-तरह के वृक्ष कटीली झाड़ियां ऊंची नीची पहाड़ियां मन को मोह लेती है

वही बीच में स्थित229 कंपनीमें स्थित हनुमान जी की प्रतिमा काफी लुभावनी नजर आती है ।देखा जाए तो बीजापुर जिला एक अद्भुत सौंदर्य को लिए हुए हैं ।वहीं मंदिरों के पुजारी अपने-अपने मंदिरों में सुबह से ही साफ सफाई कर चंदन वंदन आरती कर लोगों के द्वारा दिए जा रहे चढ़ने को चढ़ाने के लिए मंदिर में उपलब्ध रहते हैं ।बीजापुर जिले के हर मंदिर में वही स्थिति नजर आती है दूसरी और देखी जाए तो इंदिरा मार्केट में स्थित महादेव मंदिरका अपना अद्भुत नजारा नजर आता है ।

### शिव मंदिर जलाभिषेक के लिए लगी रही भक्तों की भीड़

जहां भक्तों कासुबह से ही आना जाना लगा रहता है आज भी बीजापुर जिले में सावन के चौथे सोमवार को भक्तों का सुबह से ही भारी भीड़ देखने को नजर आया ।कावड़ यात्रा निकालकर श्रद्धालु गायत्री मंदिर से लेकर महादेव घाट शिव मंदिर तक जलाअभिषेक करने पहुंचे भक्तों ने प्रभु से अपनी मनोकामनाएं मांगी ।

# जेंजरा में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 13 अगस्त।** समीपस्थ ग्राम जेंजरा पहली बार कंवर( पैकरा )समाज एवं गोंड ध्रुव समाज के संयुक्त तत्वाधान में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया. इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा सर्व आदि समाज की पुरखा. बिरसामुंडा,वीरनारायण सिंह, रानी दुर्गावती एवं कुल देवी देवताओं की पूजा आराधना की गई. ततपश्चात ग्राम के हृदय स्थल गांधी चौक से. स्कूल पारा होते हुए भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई. इस अवसर पर आदिवासी वेशभूषा, झंडो एवं बैनरो से सजे जय घोष के साथ एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान आदि नारे के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गईं.शोभा यात्रा के दौरान समाज की युवतियाँ एवं महिलाएं कलश धारण कर आगे बढ़ रही थी. इस अवसर पर सरपंच हीरामणि साहू ने कहा कि. आदिवासी समाज विश्व की मूल निवासी कहा जाता है जो अपने प्रकृति, देव, जल, जंगल एवं जमीन की सुरक्षा कर रहे हैं. रमेश कुमार कंवर ने कहा कि आदिवासी समाज आज के दिन अपनी प्राचीन गौरव गाथा,संस्कृति एवं सामाजिक रीति- रिवाज की अलग छाप देखने को मिलती है. शिवसिंह कंवर ने कहा कि एकता में बड़ी ताकत होती है ऐसे मौके पर सामूहिक एकजुटता बहुत जरूरी है. सभा को पवन ध्रुव, नुमेश कंवर, ललिता कंवर,मेष कुमार एवं कली राम ध्रुव ने भी संबोधित किया. आभार व्यक्त उदल राम कंवर ने किया. इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश कुमार,पवन ध्रुव, अजय कंवर,. नरेंद्र ध्रुव, सोनू कंवर,कृष्णा कंवर, तिलक राम ध्रुव. तुला राम ध्रुव, फूलमत ध्रुव, विशाखा ध्रुव, किरण कंवर, कुंजबाई कंवर, लुकेश ध्रुव,संतुध्रुव, बुधु ध्रुव, भानुप्रताप ध्रुव सरजू ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कंवर एवं ध्रुव समाज के लोग उपस्थित थे.

## नशापान के सेवन से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक शक्ति का विघटन होता है

**फिंगेश्वर,13 अगस्त।** भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नशामुक्त भारत अभियान की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर विकसित भारत का मंत्र,भारत हो नशे से स्वतंत्र कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बिजली में संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू द्वारा नशामुक्ति की प्रतिज्ञा का शपथ दिलाते हुए कहा कि नशापान से कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है तथा व्यक्ति भ्रमित हो जाता है.धूम्रपान के सेवन से मुँह में कैंसर और फेफड़ों के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है.धूम्रपान की सेवन से खून में निकोटिन की मात्रा बढ़ जाती है जिससे आंखों का लाल होना,धुंधला दिखाई देना,आंखों की रोशनी कम हो जाती है.धूम्रपान से कैंसर, हृदय रोग,फेफड़ों के रोग आदि होती है.उन्होंने आगे बताया कि जो लोग धूम्रपान नहीं करते हैं लेकिन धूम्रपान करने वालों के संपर्क में आने से उनको भी गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है।

# बीजेपी ने निकाली तिरंगा यात्रा,दिखा देशभक्ति का जोश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 13 अगस्त।** भाजपा की तिरंगा यात्राओं ने छत्तीसगढ़ के माहौल को पूरी तरह देशभक्तिमय कर दिया है। भारत माता की जय के जयघोष और नारों से लोगो में स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को लेकर उत्साह का संचार हो रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आमजनों में देश भक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि के उद्देश्य से 13 से 15 अगस्त 2024 तक ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में आज बीजापुर भाजपा संगठन ने भी जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम नेलसनार से भोपालपट्टनम चेक पोस्ट तक ÷हर घर तिरंगा यात्रा÷ निकाली गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीजापुर के पूर्व विधायक महेश गागड़ा व जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार जी ने शिरकत किया। पूर्व विधायक महेश गागड़ा ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का पल है,पूरा देश में तिरंगा,तिरंगा दिख रहा है।इससे पूरा देशभक्तिमय हो चुका है।आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के द्वारा यह रैली कर रहे हैं। जगह-जगह रोक कर आमजनों के फूल,मालाओं के द्वारा स्वागत,सम्मान किया जा रहा है।इससे आत्मबल बढ़ रहा है। इस रैली में आम जन भी शामिल हो रहें हैं।यह रैली भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम नेलसनार से भोपालपट्टनम तक करँगे।इस अभियान में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता,युवा मोर्चा,महिला मोर्चा सहित जिले के सभी कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में बाईक रैली में शामिल हुए।

# नेलसनार से तिमेड तक 120 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकाली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम, 13 अगस्त।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कल भोपालपटनम में विशाल बाइक रैली निकला गया, इस कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ के पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा एवं भारतीय जनता पार्टी बिजापुर के जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार एवं जिला संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचे, जिन्हें भोपालपटनम के वनोंपज जांच नाका भोपालपटनम के पास मंडल अध्यक्ष यादव वेंकट राव, बिलाल खांन एवं सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, तत्पश्चात मुख्य मार्ग से बाइक रैली निकालते हुए वंदे मातरम भारत माता की जय के जय जयकार का नारा लगाते हुए शिव मंदिर पहुंचे जहां जल अभिषेक पूजा अर्चना करने के पश्चात बाइक रैली तिमेड़ के लिए रवाना हुआ, गुल्लागुड़ा के माता मंदिर के पास भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा पूर्व मंत्री महेश गागड़ा एवं जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार का पुष्प गुच्छ देकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात तिमेड़ पहुंचने पर तिमेड़ के कार्यकर्ताओं ने भी जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया, तिमेड़ से बाइक रैली संस्कृतिक भवन भोपालपटनम पहुंचकर समापन किया गया,

## कावड़ यात्रा 501 लोग हुए शामिल



**भोपालपटनम, 13 अगस्त।**नगर मे आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा में श्रद्धा और उत्साह की लहर दिखी । यात्रा का आयोजन शिव मंदिर समिति भोपालपटनम, शिव मंदिर समिति तिमेड़ दुर्गा मंदिर समिति गोल्लागुडा, गणेश मंदिर समिति गुन्लापटा योगदान रहा तीमेड़ से जल लाकर मंदिर मे जल अभिषेक किया गया श्रद्धालुओं ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ यात्रा में भाग लिया। हर हर महादेव के उद्घोष गूंजते रहे। भक्ति भाव और आस्था से परिपूर्ण इस यात्रा में नौजवान, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सभी ने सक्रिय भागीदारी की। इस कावड़ यात्रा मे 501 कांवड़ियों नें भाग लिया भोपालपटनम, गोल्लागुड़ा, गुल्लापेंट, तीमेड, रामपुरम, रुद्रारम, चेरपाल्ली मद्देड, बीजापुर, लिंगापुर, वरदल्ली, बारेगुडा, से लोगो नें भाग लिया। इस कार्यक्रम मे भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार भी शामिल हुए उन्होंने मंदिर समिति कि प्रशंसा की।

## स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को

**धमतरी 13 अगस्त ।** हर साल की तरह इस साल भी 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित यह स्वतंत्रता दौड़ सुबह 7.30 बजे स्थानीय गांधी चौक से शुरू होकर गोलबाजार, घड़ी चौक, भगवती लॉज, देवश्री टॉकिज रोड, शिव चौक, सेंचुरी गार्डन होते हुए गांधी चौक में समाप्त होगी। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने दौड़ में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालय, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी, खेल संघ के पदाधिकारी और प्रेस प्रतिनिधियों इत्यादि को शामिल होने की अपील की है।

## 3 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर,13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना नेलसनार एवं केरिपु 199 वाहिनी कैंप कोडोली की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 11.08.2024 को मिरतुर-कोडोली चौक पर वाहनों की चेकिंग हेतु एमसीपी कार्यवाही की जा रही थी। एमसीपी कार्यवाही के दौरान 03 माओवादियों को धारदार हथियार के साथ पकड़ा गया1.कमलू बेंजाम पिता बोज्जा ऊर्फ लख्खू ऊर्फ डुम्मा बेंजाम उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी तामोड़ी गायतापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पदनाम - जनमिलिशिया कमांडर ईनाम 01.00 लाख रुपए 2.मंगलू तेलाम पिता बुधराम तेलाम उम्र 33 वर्ष जाति मुरिया निवासी बेचापाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर । 3.राजू तेलाम पिता सुक्कू तेलाम उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी गायतापारा तामोड़ी थाना मिरतुर जिला बीजापुर । पकड़े गये माओवादियों में मिलिशिया कमांडर कमलू बेंजाम दिनांक 26.03.2021 को जिला पंचायत सदस्य की हत्या करने की घटना में शामिल था जिसके विरुद्ध थाना मिरतुर में पूर्व से 09 स्थाई वारंट लंबित है। कमलू बेंजाम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 10000 रुपए का ईनाम भी उद्घोषित किया गया है। साथ ही पकड़े गए अन्य माओवादी आईईडी लगाने, मार्ग अवरूद्ध करने, पाम्पलेट बैनर लगाने की घटनाओं में शामिल थे ।पकड़े गये माओवादियो के विरूद्ध थाना नेलसनार में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

## जिले को नशामुक्त कराने कलेक्टर ने दिलाई शपथ

**बीजापुर,13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली एवं जिला प्रशासन के निर्देश के परिपालन मे नशा मुक्त भारत अभियान (हस्ब्क) अतंर्गत विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र÷ की थीम पर समाज कल्याण विभाग द्वारा बीजापुर जिले के समस्त विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं, कॉलेजों, विश्व विद्यालयों, पालीटेक्निक कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों मे ड्रग्स के खिलाफ एवं नशा मुक्ति हेतु देशव्यापी सामुहिक प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया। जिला कार्यालय बीजापुर के नेशनल इनफॉर्मेटिक्स सेंटर (हृढ्रष्ट) में ड्ड्रद्गड्डद्ग× (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) के माध्यम से उक्त कार्यक्रम में जिला अधिकारी सम्मिलित हुए। साथ ही कार्यालय कलेक्टर जिला बीजापुर के इंद्रावती भवन में कलेक्टर श्री अनुराग पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव के द्वारा समस्त जिला अधिकारियो-कर्मचारियों एवं जनमानस को नशा मुक्ति हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, पुलिस उप अधीक्षक श्री तुलसी राम लेकाम, उप संचालक समाज कल्याण श्री कमलेश पटेल, जिला कोषालय अधिकारी श्री महावीर टंडन, एसडीओ फॉरेस्ट श्री देवेन्द्र गोड़ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।अंतर्गत उपरोक्त देशव्यापी सामूहिक प्रतिज्ञा कार्यक्रम में कुल 10543 विद्यार्थी, युवा, महिलाएं, अधिकारीध्कर्मचारी जन सामान्य ने शपथ ग्रहण किया।



## मेधावी छात्रों के सपनों को मिली ऊंची उड़ान



**बीजापुर,13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के कमान सम्हालते ही कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने हेतु कई बड़े निर्णय लिए और उनके समुचित क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जिसका सकारात्मक परिणाम से शिक्षा में व्यापक सुधार भी देखने को मिला।इसी क्रम में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 100 विद्यार्थियों को हवाई जहाज से यात्रा कराने की बात कही थी जो अब पूरा हो गया है।आज 12 अगस्त को सुबह 7:30 को 50 विद्यार्थियों से भरे बस को हरीझंडी दिखाकर रवाना कि। यह विद्यार्थी जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से हवाई जहाज से रायपुर के लिए रवाना हो चुके हैं कल 50 छात्राएं भी रायपुर के लिए रवाना होंगी।जिले के 100 विद्यार्थी राज्य स्तर पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में शामिल होकर बीजापुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।विद्यार्थियों में बहुत ही उत्साह और उमंग का वातावरण निर्मित हुआ है। सभी बच्चे पहली बार हवाई जहाज में बैठ रहे है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने अपना वादा पूरा किया जिससे बच्चों ने उत्साहपूर्वक कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया और अच्छे मने से कड़ी मेहनत करने की बात कही। ताकि कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय का यह पहल सार्थक हो सके।इस दौरान कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने सभी बच्चों को कड़ी मेहनत और ईमानदारी के साथ पढ़ाई करने की समझाइस दी और कहा कि आप सभी बीजापुर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आज 100 बच्चे जा रहे कल एक हजार से भी अधिक बच्चों को हम इस तरह की योजना से लाभान्वित करेंगे। इसके साथ ही जहां भी जाए हमेशा अनुशासित रहे क्योकि आप जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे लोग आपको बीजापुर के प्रतिनिधि के रूप में देखेंगे, इस लिए हमेशा अनुशासित रहे। इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद, डीएमसी श्री राव सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ग्रामीण सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर,13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ग्रामीण आदिवासी युवाओं के लिए ग्रामीण सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर प्रशिक्षण कार्यक्रम, कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में 01 बैच के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण संपन्न होने के पश्चात इसी क्रम में डिजिटल दुनिया में सोशल मीडिया का उपयोग ज्यादा बढ़ने से बेहतरीन जॉब के मौके मिल रहे हैं। बीजापुर जिले के स्थानीय युवाओं को सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की की तकनीक सिखाने का अभिनव पहल करते हुए जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 10 दिवसीय ग्रामीण सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सोशल मीडिया का उपयोग करके मौसम, कृषि, सरकारी नितियों एवं योजनाओं इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान कर ग्रामीणों तक लाभ पहुंचाना है। यह सुविधा ग्रामीणों के समस्याओं के निदान के लिए विशेषज्ञों से जुड़ने में भी मदद करती है।बीजापुर जिले के ऐसे युवा जो ग्रामीण सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर कोर्स में प्रशिक्षण करने रूचि रखते हो ऐसे युवाओं को जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 40 युवाओं को 10 दिवसीय ग्रामीण सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर प्रशिक्षण कार्यक्रम में निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। यह प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में सम्पन्न होगा, प्रशिक्षण के दौरान उच्च संस्थानों में भी एक्सपोजन विजिट करवाया जाएगा।बीजापुर जिले के युवा जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं 10वीं उत्तीर्ण हो, 40 युवाओं के प्रशिक्षण हेतु 50 प्रतिशत आवेदन जिले से आदिवासी वर्ग के युवा एवं शेष 50 प्रतिशत आवेदन जिले से अन्य वर्ग के युवा कर सकेंगे। आवेदन 21 अगस्त 2024 तक कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कक्ष क्रमांक डी-19 में संपर्क कर सकते हैं ।

# आईटीआई कोपा में विदाई समारोह, अतिथियों ने रखे अपने विचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 13 अगस्त।** खुशियां हर इंसान के ईर्द-गिर्द घूमती रहती है कभी कभी अल्प समय के लिए ग़म के बादल भी छाते हैं।यह हमारे नजरिए पर निर्भर करता है कि हमारी निगाहें खुशियों को निहारती हैं अथवा ग़म के बादलों को। सुखी और दुःखी होना आपके विचारों पर निर्भर करता है। उक्त विचार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिमगा मैं कोपा कम्प्यूटर आपरेटर ट्रेड के विदाई समारोह के मुख्य अतिथि मुबारक हुसैन जिले के सीनियर मोटिवेशनल स्पीकर ने व्यक्त किए।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप लोगों ने अपने जीवन यापन केलिए औद्योगिक प्रशिक्षण तो प्राप्त कर लिया और आर्थिक रूप से सक्षम हो जायेंगे, साथ में जीवन जीने की कला जिसमें सहजता, सरलता और समर्पण का भाव आवश्यक है जीवन के उस वास्तविक स्वरूप को जानना नितान्त आवश्यक है। संस्था के प्राचार्य मोहन देवांगन ने बताया कि इस संस्था में इलेक्ट्रीशियन, फीटर और कम्प्यूटर आपरेटर ट्रेड की व्यवस्था है, ये प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज में सम्मान के साथ अपना स्थान बना सकते हैं। संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी शैलेष कुमार द्विवेदी, ऋषि कुमार रत्नाकर, जयकांत गुप्ता, और कुलेश्वर वर्मा ने जीवन-मूल्य के साथ सफल होने के लिए परिश्रमी, दृढ संकल्प, महत्वाकांक्षी, समर्पित भाव जैसे गुणों की सरस व्याख्या की। छात्रों की ओर से ऋषि कांतसाहू, मुकेश, भूपेश, संदीप योगेश, निखिल ने अपने विचार रखे। एक पेड़ मां के नाम के भावात्मक अभिव्यक्ति को सार्थक करते हुए अतिथि, स्टाफ और छात्र छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण कर उसकी सेवा करने का संकल्प लिया गया। आरटीआई प्रांगण में आयोजित इस यादगार पल को लोग लंबे समय तक स्मरण करते रहेंगे।

# शराब समाज की दुश्मनः कविता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 13 अगस्त।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस के पावन पर्व में, बिलाईगढ़ के लोकप्रिय विधायक कविता प्राण लहरे ने आदिवासी समाज सोनाखान द्वारा आयोजित, विश्व आदिवासी दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई ।

विश्व आदिवासी दिवस सोनाखान में विधायक कविता प्राण लहरे के साथ, युधिष्ठिर नायक, दीपक टंडन, सिद्धांत मिश्रा, लक्ष्मी साहू, ने अपना अपना उद्बोधन दिया, विधायक ने उद्बोधन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा से जिला सहकारी बैंक खुलवाने की बधाई दी और आदिवासी समाज का शत्रु शराब को बतलाया, पूरे समाज वालों से अपील की - यदि हमारा आदिवासी समाज शराब से दूर रहता है तो, हम सबसे उच्च समाज के रूप में जाने जाएंगे । सबको आदिवासी दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी ।

इस कार्यक्रम में विधायक कविता प्राण लहरे के साथ, युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, दीपक टंडन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़, सिद्धांत मिश्रा अध्यक्ष जनपद पंचायत कसडोल, नेमीचंद केसरवानी, कमलेश कुर्रे, जान मोहम्मद खान, डिगेश यादव, कुंजल सिंह दीवान, रामायण सिंह ठाकुर, जिबर्धन पटेल, लक्ष्मी साहू, सेवती केवट, ललिता यादव, शांति बंजारे, मिथिला जांगडे, खोल बाहर ठाकुर, विजेंद्र पालेश्वर, राम सिंह ठाकुर, नंदकुमार डडसेना, रामा डडसेना, भागवत पुरैना, खुशी लाल भारद्वाज, लोकनाथ पटेल, सुदेश नेताम, शेर सिंह नेताम, इतवारी साहू, सुरज साहू, मदन केवट, ब्रिजलाल पैकरा, सुसील साहू, आदि लोगों के साथ समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण सक्रिय उपस्थित रहे।

## एक नजर



**तिल्दा-नेवरा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पवित्र सावन माह के चौथे सोमवार को राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा सपरिवार ग्राम लखना स्थित सोमनाथ धाम में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर खारुन, देरानी-जेठानी एवं शिवनाथ नदी के पवित्र संगम में नौका विहार का आनंद लिया। साथ ही मंत्री ने भंडारा में शिव भक्तों को प्रसाद भी वितरण किया।



**तिल्दा-नेवरा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता देते हुए हुए राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने शंकर नगर स्थित अपने शासकीय निवास पर राष्ट्रीय ध्वज अलंकृत किया। आप भी अपने-अपने घरों और अपने व्यवसाय प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाकर स्वाधीनता दिवस के इस उल्लास में सहभागी बनें।

### स्कूली बच्चों व पंचायत पदाधिकारियों ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा



**तिल्दा-नेवरा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की शुरू किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य देश के हर घर मे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि देश के नागरिकों मे राष्ट्रीय एकता और गौरव को बढ़ाया जा सके इस अभियान में भाग लेकर देश के सभी नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने स्पष्ट स्वयं सहभागिता दे सकें।इस अवसर पर तिरंगा यात्रा प्रभारी व जनपद सदस्य पुरुषोत्तम सिन्हा एवं सुपेला सरपंच लीलेश्वरी देवांगन के मुख्य आतिथ्य में स्कूली बच्चों एवं पंचायत पदाधिकारीयों ने हर घर तिरंगा यात्रा निकाली एवं गांव गली चौक भ्रमण कर पंचायत में कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर सरपंच लीलेश्वरी देवांगन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के 74 वर्षगांठ पूर्व आयोजित किए गए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना को संजीदगी से स्थापित करना है। उन्होंने तिरंगा के तीन रंग का महत्व बतलाते हुए मां मातृभूमि और मातृभाषा से विशेष अनुराग को स्पष्ट किया। इस अवसर पर उपसरपंच सुदामा साहू,सचिव शेखू राम साहू,चेतन देवांगन,अश्वनी साहू,लेखराम देवांगन प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिका,स्कूली बच्चे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### श्री राघवेन्द्र मानस संघ ने मनाई महाकवि तुलसी दास जयंती

# युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का आधार रामचरित मानस : सिन्हा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 13 अगस्त।** राघवेन्द्र मानस संघ के तत्वाधान में ग्राम समिति और जय मां चितावर महिला मानस परिवार के विशेष सहयोग से संत शिरोमणि महाकवि तुलसीदास की 527 वीं जयंती मनाई गई। राघवेन्द्र मानस संघ द्वारा प्रतिवर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को एकदिवसीय मानस गान के माध्यम से कविकुल भूषण गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई जाती है। हरिओम मानस मंडली दुल्ला, जय मां टेंगनाही मानस परिवार पिपराही, विनायक मानस मंडली देवसरा, स्वरांजलि मानस परिवार कनसिंघी, राम राम मानस मंडली मड़ेली के संतो द्वारा राम नाम की महिमा का गुणगान किया। रामचरित मानस को स्वर्ग जाने का सीढ़ी बताया।

मानस मंडलियों ने सरस व्याख्यान के माध्यम से महाकवि तुलसीदास के जीवन चरित्र का बखान करते हुए कहा कि बाबा तुलसीदास जन्म से ही अद्भुत बालक थे। सामान्य बालको से हटकर उनका जन्म मां की कोख में 12 माह रहकर अभुक्त मूल नक्षत्र में हुआ। जन्म लेते ही उनके मुख से राम शब्द निकला जिसके कारण उनका नाम राम बोला पड़ा। राघवेंद्र मानव संघ संरक्षक एवं मानस मर्मज्ञ के.आर. सिन्हा ने कहा कि बाबा तुलसीदास ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और रामभक्त हनुमान के भक्ति में लीन रहकर अनेकों रचनाए किया। जिनमें से श्रीरामचरित मानस सर्वश्रेष्ठ कृति है। उन्होंने आगे कहा कि श्रीरामचरित मानस का प्रत्येक दोहा-चौपाई संस्कारवान, नैतिक मूल्यों से परिष्कृत समाज के निर्माण का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि मुझे मानस ग्रंथ पढ़ने की प्रेरणा अपने पिताजी स्व. लेड़गा राम सिन्हा से मिला। जब मैं कक्षा पहली में पढ़ रहा था तो रामचरित मानस ग्रंथ देते हुए प्रतिदिन मानस पाठ करने की शिक्षा दी थी। उस समय हम सभी साथी तोतली जुबान से अक्षरों को जोड़ जोड़कर पढ़ा करते थे जिसके आनंद को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को प्रतिदिन रामचरित मानस का पठन, पाठन एवं श्रवण अवश्य कराए। संरक्षक चैतराम कुंजाम, हीरालाल पटेल, व्याख्याकार दुलारू राम ध्रुव ने कहा कि जन-जन तक राम नाम संकीर्तन पहुंचाने का सम्पूर्ण श्रेय बाबा तुलसीदास को जाता है। आगे कहा कि तुलसीदास हिंदी साहित्य के मूर्धन्य कवि, साहित्यकार एवं दार्शनिक के रूप में विख्यात है। उनका जीवनकाल कई सारी विषमताओं से भरा रहा। हमें उनकी दी हुई मोक्षदयानी ज्ञान को आत्मसात करना चाहिए। जयंती उत्सव का सुमधुर संचालन राघवेन्द्र मानस संघ अध्यक्ष जागेश्वर ध्रुव एवं उपाध्यक्ष रोहित जगत ने किया।

इस अवसर पर सरपंच गोकुल राम ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष कुंदन निर्मलकर, सरंक्षक सालिक राम ठाकुर, उत्तम चंद्राकर, उप सरपंच मोहन देवांगन, प्रेमलाल देवांगन, पीला राम दाऊ, जय मां चितावर महिला मानस परिवार अध्यक्ष उत्तरा ध्रुव, कमला बाई, शांति बाई, धनेश ध्रुव सहित राम नाम के रसिक ग्रामवासीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से राघवेन्द्र मानस संघ के सह सचिव खोरबाहरा निषाद, व्याख्याकार रामलाल टांडे, संतराम कंवर, योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा सहित संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर के निर्देश पर सड़क सुधार कार्य में तेजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी ने विगत दिनों सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए थे। उनके निर्देशों के अनुरूप बरसात से प्रभावित सड़क सुधार निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है। जिसके तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बलौदाबाज़ार विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिचिरदा चौक से गांव तक पहुंच मार्ग में सुधार कार्य किया गया। इसी तरह भाटापारा विकासखंड के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की सड़क सुरकी मोपका मार्ग धुर्राबांधा प्रवेश एवं बहिर्गमन मार्ग को सुधार किया गया है। इस सड़क की लगातार असमतल होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसी तरह मुख्यमंत्री ग्राम ग्राम सड़क योजना के तहत सेमरिया ब से मटिया मार्ग में सुधार कार्य पूर्ण कर लिया गया है. सुधार कार्य पूर्ण होने से आमजनों को अब आने जाने में तकलीफों का सामना नही करना पड़ रहा हैं।




# घर घुसकर छेड़छाड़ और तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 अगस्त।** 12 अगस्त को प्रार्थिया द्वारा पुलिस सहायता केंद्र निपनिया में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि मैं अपनी दोंनो पुत्री के साथ घर में ही सोई थी, कि देर रात करीबन 03:00 बजे लगभग किसी अनजान व्यक्ति द्वारा आवाज देकर घर का दरवाजा खोलने के लिए बोला गया। मैंने दरवाजा खोलने से मना किया तो उक्त आरोपी द्वारा दरवाजे को अपने पैरों से जोर-जोर से मारने पीटने लगा तथा उनमें से एक व्यक्ति घर उपर चढकर छत छानही को तोड़ते हुए अंदर घुसने का प्रयास करने लगा। तत्पश्चात आरोपियों द्वारा घर अंदर घुसकर मेरे सांथ छेड़छाड़ भी किया गया है। इस बीच मेरे द्वारा सहायता के लिए चिल्लाने पर आस-पड़ोस के लोग आए तथा उनके द्वारा एक आरोपी विष्णु को पकड़ा गया, तथा दो आरोपी मौके से तुरंत फरार हो गए। कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्र. 406/2024 धारा 75(2), 331(2), 3(5) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध होते ही पुलिस सहायता केन्द्र निपनिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 03 घंटे के भीतर प्रकरण में शामिल 03 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा महिला के घर में तोड़फोड़ कर, घर अंदर जबरदस्ती घुसकर छेड़छाड़ करने की घटना स्वीकार किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# 20 करोड़ की लागत से बनेगा बलौदाबाजार का आईटीआई

## राजस्व मंत्री के प्रयासों से मिली स्वीकृति, योजना के तहत नई बिल्डिंग, गार्ड रूम, पार्किंग, स्टाफ क्वार्टर का होगा निर्माण, मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 13 अगस्त।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में छात्राओं को अब उद्योगों की मांग के मुताबिक आधुनिक प्रशिक्षण मिलेगा। क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से प्रदेश में आईटीआई को हाईटेक बनाने की योजना के तहत औद्योगिक नगरी बलौदाबाजार के सकरी स्थित आईटीआई को मॉडल आईटीआई बनाने के लिए नवीनीकरण का कंट्रक्शन, मोटर कार पार्किंग आदि बनेगा. जिसके तहत कंप्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्क मेंटनेंस के लिए 1 करोड 5 लाख रूपये, इलेक्ट्रिशियन के लिए 75 लाख रूपये, फिल्टर 46 लाख रूपये, मैकेनिक डीजल 44 लाख रूपये, वेल्डर के लिए 53 लाख रूपये, नया बिल्डिग कंट्रक्शन के लिए 3 करोड 44 लाख 59 हजार रूपये, गार्ड रूप कंट्रक्शन के लिए 7 लाख 42 हजार रूपये मोटर कार पार्किंग के लिए 1 करोड 25 लाख 28 हजार रूपये स्टॉफ क्वाटर निर्माण के लिए 11 करोड 75 लाख 56 हजार रूपये, बाउंड्रीवाल एवं मुख्य द्वारा निर्माण के लिए 34 लाख 80 हजार रूपये के कार्य शामिल है। पहले चरण में ये सभी निर्माण कार्य किए जाएंगे. कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने इसे क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि केंद्र सरकार की आईटीआई को मॉडल आईटीआई में बदलने की योजना के तहत प्रदेश आईटीआई को अपग्रेड करने की योजना तैयार की गई है। इसके तहत यहां की आईटीआई को मॉडल आईटीआई का दर्जा मिला है। योजना के पहले चरण में प्रदेश से 160 आईटीआई के लिए 484 करोड का तीन वर्षीय प्रस्ताव स्वीकृत है जिसमें शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार हेतु 20 करोड 13 लाख 65 हजार रुपए स्वीकृत हुए है।

---

**न्यायालय तहसीलदार, (नजूल), जगदलपुर जिला, बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202407150100012/53/ ब-121/2023-24

निवासी-छोटा घेरा मेटगुड़ा जवाहर नगर वार्ड क्र.-24 जगदलपुर ।

## उद्घोषणा पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती लता रात्रे पति स्व. सत्यदेव रात्रे जाति गोंड निवासी छोटा घेरा मेटगुड़ा जवाहर नगर वार्ड क्र.-24 जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) के द्वारा अपने पति स्व. सत्यदेव रात्रे पिता स्व. सुखदेव रात्रे जो कि शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पखनार तहसील दरमा जिला बस्तर (छ.ग.) में भृत्य के पद पर पदस्थ थे। जिनकी मृत्यु दिनांक 11/06/2024 को हो गई है, तथा उसका वैध वारिस होना बताते हुए तहसीलदार (नजूल) जगदलपुर के न्यायालय में वारिसान प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया है।

उपरोक्तानुसार स्व. सत्यदेव रात्रे पिता स्व. सुखदेव रात्रे जाति गोंड निवासी छोटा घेरा मेटगुड़ा जवाहर नगर वार्ड क्र.-24 जगदलपुर का वारिसान प्रमाण पत्र जारी करने में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपने आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय की पेशी तिथि 19.08.2024 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत्त आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 5.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार (नजूल) जगदलपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202408092200038**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- दुर्गा बाई पटेल,
अनावेदक पक्षकार-

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुर्गा बाई पटेल पति राम सिंग पटेल जाति मरार सा. बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के ससुर परदेशी पटेल आ. स्व. घासी राम का मृत्यु दिनांक 01.02.2010 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

---

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202408092200037**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-दुर्गा बाई पटेल,
अनावेदक पक्षकार-

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुर्गा बाई पटेल पति राम सिंग पटेल जाति मरार सा. बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के सास परनिया बाई पटेल पति स्व. परदेशी पटेल का मृत्यु दिनांक 05.03.2012 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

---

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बीजापुर (छ.ग.)

फोन नं. 07853220047 — ई-मेल csbijapur20@gmail.com

क्रमांक/392/सि.स.स.मु.अ./डी.एम.एफ./2024-25 — बीजापुर दिनांक 07/08/2024

### //निविदा//

### जिला चिकित्सालय बीजापुर अन्तर्गत अन्तः रोगी विभाग में भर्ती मरीजों के परिजनों को भोजन प्रदायगी हेतु निविदा आमंत्रण

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान जिला चिकित्सालय बीजापुर में अन्तः रोगी विभाग में भर्ती मरीजों के परिजनों को भोजन प्रदायगी हेतु निविदा आमंत्रण कर भोजन सुविधा प्रदाय किये जाने हेतु पंजीकृत संस्थाओं, महिला स्व सहायता समुह, अलाभकारी संस्थाओं, स्वयं सेवी संस्थाओं, रेस्टॉरेंट एवं भोजनालय द्वारा मोहरबंद निविदायें आंमत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक रूपये 1000/- रूपये (एक हजार रूपये मात्र) निविदा प्रपत्र मूल्य का नगदी (कैश) जो कि नॉन रिफन्डेबल है, जमा कर प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फार्म की प्राप्ति संबंधित कार्यालय से होगी एवं डी.डी./एफ.डी.आर. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय बीजापुर के नाम से ही स्वीकार किये जावेंगे। निविदा की विस्तृत जानकारी बीजापुर जिले की वेबसाइट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :- 27 अगस्त 2024 को दोपहर 12:00 बजे तक।
निविदा पूर्व आपत्ति निराकरण बैठक - 16 अगस्त 2024 को दोपहर 01:00 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 28 अगस्त 2024 को शाम 02:00 बजे तक।
निविदा खोले जाने की तिथि :- 28 अगस्त 2024 को शाम 04:00 बजे तक।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला चिकित्सालय बीजापुर (छ.ग.)

जी-242501776/4

---

## कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, (छ.ग.)

क्र./चार/रा.वि./2024/441/126 — भिलाई, दिनांक 08/08/2024

### -:: फ्री-होल्ड हेतु दावा आपत्ति सूचना::-

छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर जिला रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-8-5/2022/18 के सम संख्यक आदेश दिनांक 06.07.2022 द्वारा नगरीय निकायों के स्वयं के आधिपत्य/स्वामित्व के लीज होल्ड पर आबंटित आवासीय/व्यवसायिक (भवनों/फ्लैट्स/भू-खण्डों/परिसर/दुकानों) को संबंधित नगरीय निकायों राजस्व विभाग से विधिवत भू-स्वामित्व प्राप्त होने पर फ्री-होल्ड के रूप में संपरिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। फ्री-होल्ड के रूप में सपरिवर्तन के लिये निम्नांकित भूखण्ड धारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं जिस पर नियमानुसार कार्यवाही कर फ्री-होल्ड के रूप संपरिवर्तन किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. | पट्टाधारी का नाम पिता/पति का नाम | योजना का नाम | ब्लाक क्र. /भूखण्ड क्र. | आकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शकील अली आ. कमरुद्दीन | सुपेला कोहका रोड व्यवसायिक | व्यवस्थापन | 270 व.फु. |
| 2 | श्रीमती राजश्री जैन पति श्री अरविंन्द जैन | पत्रकार कालोनी आवासीय योजना | सी/05 | 150 व.मी. |
| 3 | श्रीमती सुभावती चौधरी पति श्री रामलाल चौधरी | शास्त्री मार्केट पावर हाउस व्यवसायिक | व्यवस्थापन | 152 व.फु. |
| 4 | श्री हीरालाल साह आ. स्व. मोतीलाल साह | लक्ष्मीनगर सब्जी मण्डी | बी-16/09 | 64 व.फु. |
| 5 | श्री नागेश्वर साव आ. स्व. दुलारचन्द्र साव | लक्ष्मीनगर सब्जी मण्डी | बी-16/09 | 64 व.फु. |
| 6 | श्रीमती उषा शर्मा पति पदमाकर शर्मा | राधिका नगर आवासीय योजना | 61/08 | 216 व.मी. |
| 7 | श्री अतुल्य जैन आ. आर.के. जैन | राधिका नगर आवासीय योजना | 06/08 | 78.75 व.मी. |
| 8 | श्री अतुल्य जैन आ. आर.के. जैन | राधिका नगर आवासीय योजना | 06/07 | 78.75 व.मी. |
| 9 | श्रीमती पार्वती कश्यप पति स्व. दुर्योधन सिंह | राधिका नगर आवासीय योजना | 04/08 | 78.75 व.मी. |
| 10 | नरेन्द्र कुमार छिब्बर आ. रोशन लाल छिब्बर | मोतीलाल नेहरु नगर पश्चिम आवासीय योजना | 10/01 | 202 व.मी. |
| 11 | मेसर्स गैलेक्सी होटल भागीदार-मो. गुलाब खान आ. अब्दुल खान, मो. सिराज खान एवं महताब खान दोनों के आ. मो. मुख्तार खान | इंदिरा नगर सुपेला आवासीय सह व्यवसायिक | व्यवस्थापन | 1060 व.फु. |
| 12 | रमेश कुमार गुलाटी आ. स्व. इन्द्रजीत गुलाटी | लिंक रोड केम्प-02 | 91 | 13.9×45.3 व.फु. |
| 13 | हीरा सिंह खैरे आ. चंदन सिंह | सोनिया गांधी नगर आवासीय | व्यवस्थापन | 147.04 व.मी. |
| 14 | श्रीमती सुमन जायसवाल पति गया प्रसाद जायसवाल | प्रगति नगर केम्प-01 आवासीय | व्यवस्थापन | 413.81 व.फु. |
| 15 | श्रीमती निर्मला देवी मौर्य पति राजबहादुर मौर्य | लक्ष्मीनगर सब्जी मण्डी | बी-06/08 | 64 व.फु. |
| 16 | श्रीमती निर्मला देवी मौर्य पति राजबहादुर मौर्य | लक्ष्मीनगर सब्जी मण्डी | सी/24 | 64 व.फु. |

राजस्व अधिकारी

## एक नजर

### 5 नपा और 14 नपं के लिए प्लेसमेंट पर दस-दस पद स्वीकृत

**रायपुर 13 अगस्त।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पांच नवगठित नगर पालिकाओं और 14 नगर पंचायतों में प्लेसमेंट पर दस-दस पदों की स्वीकृति प्रदान की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य शासन ने नवगठित अमलेश्वर, मंदिर हसौद, लोरमी, पंडरिया और बांकी मोंगरा नगर पालिकाओं तथा दाढ़ी, सरसीवा, बेरला, पामगढ़, भिंभोरी, रोहांसी, कोपरा, जनकपुर, पवनी, मरवाही, नरियरा, जरहागांव, लाल बहादुर नगर और पटना नगर पंचायतों के लिए प्लेसमेंट पर दस-दस पद मंजूर किए हैं। इनमें सफाई श्रमिकों के पांच-पांच पद तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर, पंप अटेंडेंट, वाहन चालक, भृत्य और श्रमिक के एक-एक पद शामिल हैं।

### घरेलू महिलाओं के उत्पादों की प्रदर्शनी



**रायपुर 13 अगस्त।** महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चेम्बर द्वारा आज दिनांक 12 अगस्त 2024 को चेंबर भवन में बाम्बे मार्केट, रायपुर में इवे जव इ2 कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां एक ही मंच पर घरेलू महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा कार्यक्रम में आए हुए व्यवसायियों ने उत्पादों का निरीक्षण कर ऑर्डर किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में श्री अशोक मूंदड़ा अशोका रतन,श्री परमानंद सचदेव, श्रीमती नम्रता अग्रवाल एवं श्रीमती सुमन मुथा उपस्थित रहे। महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा जी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य घर पर काम करने वाली महिलाओं एवं उनके उत्पादों कौन आया मंच प्रदान करना है जहां वह अपने उत्पादों को सीधे-सीधे व्यवसायियों को बेच सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने महिला चेम्बर द्वारा शुरू किए गए इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम घरेलू महिलाओं को प्रोत्साहित करना चाहते हैं जो पारिवारिक जिम्मेदारियां संभालते हुए भी स्वयं को आत्मनिर्भर बनाना चाहती हैं। उनके द्वारा बने हुए उत्पादों तथा उनके द्वारा संचालित गृह उद्योगों/कुटीर उद्योग तक थोक व्यापारियों (खरीददार) की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

### चेंबर ने माना वित्त मंत्री का आभार



**रायपुर 13 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया किबताया कि चेंबर द्वारा विगत माह जीएसटी विभाग को जीएसटी ऋ के संबद्ध विलंब शुल्क के साथ व्यापारियों को जारी नोटिस से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया था। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए व्यापारियों को इससे हो रही असुविधाओं को संवेदनशील मानते हुए तकनीकी समस्याओं के निराकरण तक शिथिल रखने एवं इस संबंध में EODB के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए आगामी कार्यवाही तक अधिकारियों आदेशित किया गया है। जिसके लिए चेंबर, माननीय वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी जी एवं राज्य जीएसटी आयुक्त जी का आभार करता है।

### युवा दिवस को हरित महोत्सव के रूप में मनाया



**रायपुर 13 अगस्त।** राजीव लोचन फाउंडेशन यूथ विंग ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस को हरित महोत्सव के रूप में मनाया । पदाधिकारी गण दिवंगत पूर्वजों एवं शहीदों को नमन करते हुए उनकी याद में श्रद्धांजलि स्वरुप नेताजी सुभाष महाविद्यालय में आंवला का पौधा रोपण किया । फाउंडेशन अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया की फाउंडेशन के सचिव तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विवेक मिश्रा ने पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली एवं पूरा बढ़ते तक देखभाल की व्यवस्था का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर यूथ विंग के पदाधिकारी अमित मिश्रा, असीत मिश्रा, अपूर्व मिश्रा, आशीष मिश्रा, सुमित मिश्रा, रोमिल मिश्रा, राहुल मिश्रा, हर्षवर्धन मिश्रा, सोपान मिश्रा, कबीर मिश्रा, संदीपन मिश्रा, शशांक मिश्रा, मयंक मिश्रा, मानसी मिश्रा, तनिष्क मिश्रा सहित सदस्य गण उपस्थित थे।

# पुलिस लाइन में परेड का अंतिम रिहर्सल





मुख्य नगर संवाददाता

***रायपुर, 13 अगस्त।*** *15 अगस्त पुलिस लाईन में होने वाली परेड के लिए आज अंतिम रिहर्सल किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 15 अगस्त को ध्वजारोहण करेंगे। राजधानी के पुलिस लाईन में प्रति वर्ष 15 अगस्त को पुलिस, नगर सेना एवं एनसीसी कैडेटों के द्वारा आकर्षक परेड का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा डॉग स्क्वाड एवं घुड़सवार भी शामिल होते हैं। पुलिस बैड पार्टी के साथ मार्चपास्ट किया जाता है। आज पुलिस के उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में अंतिम रिहर्सल किया गया। राजधानी में पुलिस ग्राउंड के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। वाहनों की पार्किंग व्यवस्था भी की गई है। राज्य के विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री ध्वजारोहण करेंगे। दयालदास बघेल महासमुंद में ध्वज फहराएंगे। राजभवन के अनुसार राज्यपाल रमेन डेका कल असम से यहां पहुंच रहे हैं। राजभवन में भी ध्वजारोहण किया जाएगा। शाम को दरबार हॉल में एक कार्यक्रम रखा गया है। गृहमंत्री विजय शर्मा बस्तर में ध्वज फहराएंगे। शासकीय भवनों, मंत्रालय तथा संचालनालय एवं केंद्रशासित राज्य के भवनों में भी आकर्षक रौशनी की जाएगी।*

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दावेदार सक्रिय

**प्रत्येक मतदाता देंगे पंच-सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए वोट**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 13 अगस्त।** राज्य में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ कराए जाने की संभावना को देखते हुए अब पंचायत चुनाव लड़ने ग्रामीण स्तर के महत्वाकांक्षी नेता भी सक्रिय हो गए हैं। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत पंच-सरपंच, जनपद और जिला जनपद सदस्य चुने जाते हैं। इसके लिए अभी से कई संभावित दावेदार सक्रिय हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य में पंचायत चुनाव फरवरी 2025 में कराया जाना प्रस्तावित है। लेकिन शासन द्वारा सत्ता परिवर्तन के पश्चात नगरीय निकाय चुनाव के साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जाने के लिए रायशुमारी की जा रही है। जिला जनपद सदस्यों के अनुसार रायपुर जिले में 410 ग्राम पंचायतें हैं। इसमें पंच-सरपंच और जनपद तथा जनपद सदस्य चुनने का अधिकार प्रत्येक मतदाता को होता है। तिल्दा ब्लाक रायपुर जिले में आता है। यहां पर 16 पंचायतें हैं। वर्तमान में कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष व जिला जनपद सदस्यों की संख्या 16 है। वर्तमान में जिला पंचायतों की संख्या बढ़ाकर 33 कर दी गई है। यह चुनाव ग्रामीण पंचायत एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों द्वारा सम्पन्न कराया जाता है। पंच, सरपंच के परिणाम तत्काल घोषित कर दिए जाते हैं। जिला जनपद अध्यक्ष के लिए अलग से गणना की जाती है।

राज्य में पंचायत चुनाव लड़ने के दावेदार लोगों से संपर्क कर रहे हैं। जिला पंचायत के वरिष्ठ सदस्य राजू शर्मा के अनुसार इसमें आरक्षण की प्रक्रिया की जाती है। जिलाधीश कार्यालय में यह प्रक्रिया पूरी होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के साथ नगरीय निकाय चुनाव भी कराए जा सकते हैं। इसमें कोई परेशानी नहीं है। नगरीय निकाय चुनाव में मतदाता सूची वार्ड स्तर पर बनाई जाती है वहीं पंचायत स्तर पर भी मतदाता सूची बनानी पड़ती है। वर्तमान में भाजपा तथा कांग्रेस समर्थित सदस्यों का दबदबा है। यह चुनाव गैर राजनीतिक आधार पर लड़े जाते हैं लेकिन सत्तारूढ़ दल के समर्थित ज्यादातर दावेदार ही चुनाव जीतकर आते हैं।

### जिला जनपद अध्यक्ष को प्राप्त है व्यापक अधिकार

पंचायती राज प्रणाली लागू होने के बाद प्रदेश में जिला जनपद अध्यक्ष को व्यापक प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार प्राप्त है। शाला निर्माण, शिक्षकों की पदस्थापना, प्रदूषण पर कार्रवाई, कृषि एवं आबकारी विभाग में भी जिला पंचायत सीधा हस्तक्षेप कर सकती है। वर्तमान में अध्यक्ष के वेतनमान में भी वृद्धि कर दी गई है। अध्यक्ष को वाहन सहित बंगले की सुविधा भी दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार फिलहाल आरक्षण को लेकर पेंच लगा हुआ है। इसके लिए एक समिति गठित की गई है जिसकी रिपोर्ट तीन महीने के भीतर आ जाएगी। इसके पश्चात ही आरक्षण व्यवस्था लागू की जाएगी।

# आरबीआई की ताजा रिपोर्ट से स्पष्ट जनता की आय घटी, खर्च बढ़ा

**रायपुर 13 अगस्त।** भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा उपभोक्ता सूचकांक सर्वे के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के चलते देश की अर्थ व्यवस्था तेजी से उल्टे पांव भाग रही है। आरबीआई के द्वारा देश के 19 राज्यों में किए गए सर्वे में मोदी सरकार का अनर्थशास्त्र एक बार फिर उजागर हुआ है। आर्थिक हालात मई 2023 2.6 प्रतिशत की तुलना में जुलाई 2824 में -5 प्रतिशत, अर्थात कुल कमी -7.6 प्रतिशत। रोजगार की स्थिति - 8.1 प्रतिशत, बढ़ती कीमतें - 92.6 प्रतिशत आय - 0.5 प्रतिशत मोदी राज में हो रहे जनता की बदहाली को प्रदर्शित करती है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि ने कहा है कि मोदी सरकार की इकोनॉमी पॉलिसी पर देश की जनता का भरोसा घट रहा है। केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते आम जनता की आय बढ़ाने के बजाय लगातार घट रहे है। मोदी के पूंजीपति मित्र और अमीर होते जा रहा है, मध्यम वर्ग और गरीब जनता की इनकम लगातार काम होते जा रही हैं। नौकरी और रोजगार के अवसर घट रहे हैं, जरूरी वस्तुओं के दाम पहले से कई गुना ज्यादा हो चुके हैं।

# सरेआम शराब पीते 10 पकड़ाए

**रायपुर, 13 अगस्त।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने पिंक टायलेट के पास सरेआम शराब पीते आरोपी टाकेश्वर गायकवाड़ 26 वर्ष एवं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी आशीष कुमार साहू 29 वर्ष व सीताराम साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी आसीफ खान 32 वर्ष व दादू सोनकर 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी शंकर सिन्हा 32 वर्ष व दिनेश केंवट 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी रामेश्वर कुमान 23 वर्ष व छत्रपाल साहू 34 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने आरोपी अश्वनी मनहरे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 13 अगस्त ।** गोलबाजार पुलिस ने शास्त्री बाजार के पास गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 554 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शास्त्री बाजार के पास आरोपी शेख सियाउद्दीन 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पस से 1 किलो 554 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 22500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# हिन्दुओं के नरसंहार के खिलाफ 14 अगस्त को आक्रोश रैली

**रायपुर 13 अगस्त।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदूओं के नरसंहार के विरोध में और रोहिंग्या व बांग्लादेशी जिहादियों को देश से बाहर निकालने के लिए आक्रोश रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही राज्यपाल श्री रमेन डेका को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। 14 अगस्त बुधवार को दोपहर 2 बजे से तेलीबांधा तालाब से रैली प्रारम्भ होगी। सर्व सनातनी हिन्दू समाज ने आह्वान करता है कि सनातन धर्म को मानने वाले सभी लोग रैली में अवश्य पहुंचे। कई संगठनों ने आक्रोश रैली को अपना समर्थन दिया है। जैसा कि हम सबको ज्ञात है कि विगत कुछ दिनों से बांग्लादेश



में सत्ता परिवर्तन के आंदोलन के दौरान हिंदू बौद्ध तथा वहाँ के अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रही हिंसा की घटनाएं हो रही हैं।

बाग्लादेश में हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की लक्षित हत्या लूटपाट आगज़नी महिलाओं के साथ जघन्य अपराध तथा मंदिर जैसे श्रद्धास्थानों पर हमले जैसी क्रूरता असहनीय है तवा सर्व सनातनी समाज इसकी घोर निंदा करता है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से अपेक्षा है कि वह तुरंत सख्ती से ऐसी घटनाओं पर रोक लगाये और पीड़ितों के जान माल व मान के रक्षा की समुचित व्यवस्था करे।

इस गंभीर समय में विश्व समुदाय तथा भारत के सभी राजनीतिक दलों से भी अनुरोध है कि बांग्लादेश में प्रताड़ना के शिकार बने हिंदू बौद्ध ईसाई इत्यादि समुदायों के साथ एकजुट होकर खड़े हों।

बांग्लादेश की परिस्थिति में एक पड़ोसी मित्र देश के नाते सुयोग्य भूमिका निभाने का प्रयास कर रही भारत सरकार से आग्रह है कि बांग्लादेश में हिंदू बौद्ध ईसाई आदि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु हरसंभव प्रयास करे।

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में चेंबर का नाम शामिल

**रायपुर 13 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि कल, चेंबर के वर्तमान कार्यकाल में चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी के नेतृत्व में 11200 से अधिक चेम्बर सदस्य बनने पर चेंबर का नाम गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया। इस उपलब्धि पर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय जी ने चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी जी एवं उनकी टीम को स्मृतिचिन्ह एवं मेडल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधानसभा विधायक माननीय श्री पुरंदर मिश्रा जी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर चेंबर सलाहकार सुरिंदर सिंह, जितेंद्र दोशी, परमानंद जैन, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, चेंबर आईटी सेल प्रभारी कैलाश खेमानी,



उपाध्यक्ष महेश दरियानी, कन्हैयालाल गुप्ता, हीरा माखीजा, मनोज कुमार जैन, नरेन्द्र हरचंदानी, भरत जैन, मंत्री, निलेश मुंदडा, शंकर बजाज, जितेंद्र गोलछा जैन, प्रशांत गुप्ता, राजेंद्र खटवानी, जनक वाधवानी, विजय पटेल, अजय अग्रवाल, युवा चेंबर महामंत्री कांति पटेल, उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, जयेश पटेल, गोल्डी लुनिया, जयराज गुरनानी, कार्यकारी अध्यक्ष कैट वासु मखीजा, युवा कैट अध्यक्ष अवनित सिंह, श्रीमती सोनम शर्मा एवं राजेश शर्मा छत्तीसगढ़ हेड/अधिकृत संवाददाता गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### पैसिफिक कैपिटल से जुटाए 25 मिलियन डॉलर

**रायपुर 13 अगस्त।** भारत की एक अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने घोषणा की है कि उसने एक अग्रणी वैश्विक प्राइवेट इक्विटी फर्म ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल से 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त किया है, यह निवेश 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल लक्षित सीरीज़ फंड को जुटाने का हिस्सा है। काइनेटिक ग्रीन ने वर्ष 2016 में एक अग्रणी EV OEM के रूप में श्वङ्क क्षेत्र में प्रवेश किया। कंपनी का नेतृत्व सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी करती हैं, जो फिरोदिया परिवार की तीसरी पीढ़ी की सदस्य हैं, जो काइनेटिक समूह की संस्थापक हैं। काइनेटिक पिछले 50 वर्षों से भारत के ऑटोमोटिव क्षेत्र में एक अग्रणी निर्माता और नवाचार करने वाली कंपनी रही है, इसने काइनेटिक लूना और काइनेटिक हॉन्डा जैसे प्रतिष्ठित वाहनों को बाजार में उतारा है, तथा आज तक इनके 10 मिलियन से ज्यादा वाहन बिक चुके हैं।

### प्रयागराज के लिए अब सीधी उड़ान

**रायपुर, 13 अगस्त ।** प्रदेश के हवाई यात्रियों को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से प्रयागराज के लिए डायरेक्ट फ्लाइट 16 अगस्त से मिलेगी. पहले दिन के लिए रायपुर से प्रयागराज जाने का फेयर 5000 रुपए तथा वापसी की टिकटें 4400 रुपए में मिल रही हैं. एयरलाइंस इंडिगो ने रायपुर-प्रयागराज-रायपुर सेक्टर में एटीआर विमान के संचालन की तैयारियां की है. दोनों सेक्टर में टिकटों की बुकिंग की शुरुआत 4 हजार रुपए से हुई थी. ज्ञात रहे कि लंबे समय से रायपुर-प्रयागराज के मध्य संचालित उड़ान को इंडिगो ने 29 अक्टूबर 23 से बंद कर दिया था. शेड्यूल : इंडिगो की फ्लाइट 6 ई 7302 रायपुर से 12.05 बजे, प्रयागराज 13.25 बजे, 6 ई 7371 प्रयागराज से 13.50 बजे, रायपुर 15.20 बजे भोपाल फ्लाइट का बदलेगा शेड्यूल भोपाल-रायपुर-भोपाल सेक्टर में संचालित इंडिगो की फ्लाइट का शेड्यूल भी 16 अगस्त से बदल जाएगा।

### अल्ट्रा लग्जरी क्रेडिट कार्ड 'प्राइमस' का अनावरण


**रायपुर 13 अगस्त।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने डिजिटल भुगतान में वैश्विक स्तर पर अग्रणी संगठन, वीज़ा के साथ साझेदारी में 'प्राइमस' कार्ड लॉन्च किया है। यह एक अल्ट्रा- प्रीमियम क्रेडिट कार्ड है, जिसे विलासिता को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए तैयार किया गया है। नए सुपर-प्रीमियम कार्ड, प्राइमस की पेशकश चुनिंदा अल्ट्रा-हाई नेट वर्थ वाले एक्सिस बैंक के ग्राहकों को केवल आमंत्रण के ज़रिये की जाएगी। भारत में पहली बार, ग्राहकों को वीज़ा इनफिनिट प्रिविलेज पेशकश के तहत भारत का जीडीपी बढ़कर लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर हो गया है और इस तरह यह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। इस आर्थिक वृद्धि ने पर्याप्त धन संचय को बढ़ावा दिया और रिकॉर्ड 200 भारतीयों ने फोर्ब्स 2024 की दुनिया के अरबपतियों की सूची में जगह बनाई है ।

# डीजीपी ने पुलिस मुख्यालय में डायल-112 के कर्मचारियों को किया सम्मानित

**रायपुर 13 अगस्त।** पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा (भा.पु.से.) द्वारा डायल 112 के कर्मचारियों द्वारा दिनांक 24जुलाई की सुबह 11:25 बजे डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर मे सूचना प्राप्त हुई कि जिला रायगढ़ थाना धरमजयगढ़ ग्राम आमापाली रेलवे ट्रैक के समीप एक युवक करंट से झूलस गया है। ईआरव्ही में तैनात आरक्षक 131 जयप्रकाश एक्का को तत्काल रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुँची ईआरव्ही टीम के सदस्य आरक्षक क्रं0 131 जयप्रकाश एक्का ने देखा कि घायल युवक रेलवे ट्रैक के आउटर साईड में था जहाँ डायल 112 वाहन का पहुँचना संभव नहीं था टीम ने वाहन को सड़क किनारे खड़े कर पैदल ही घटनास्थल पर पहुँची जहाँ रेलवे ट्रैक के खंभे के नीचे करंट से झुलसा युवक मिला जिसके कमर में भी काफी चोटे आने से पीड़ित युवक खड़ा नहीं हो पा रहा था। टीम को ज्ञात हुआ कि युवक मानसिक रूप से कमजोर है जो रेलवे ट्रैक के किनारे स्थित खंभे के ऊपर चढ़ गया था जिससे वह करंट के चपेट में आ गया था। डायल 112 स्टाफ द्वारा घायल युवक के परिजनों का पता लगाकर सूचना दी गई और गांव वालो के सहयोग से एक लकड़ी का स्ट्रेचर तैयार किये और घायल को लिटाकर करीब डेढ किलोमीटर तक चलकर डायल 112 वाहन तक लाये और तत्काल डायल 112 वाहन से पीड़ित को सीएचसी धरमजयगढ़ ले जाकर भर्ती कराया गया। घायल युवक अमित कुमार अगरिया (उम्र 18 साल) निवासी लक्ष्मी नगर थाना धरमजयगढ़ के पिता ने बताया कि उसके बेटे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, वह घर पर ही रहता है। परन्तु कल रात्रि 03:00 बजे उठकर घर के दरवाजे को बाहर से बंद कर भाग गया था। हम कल रात से ही उसे गांव में खोज कर रहे थे। डायल 112 के स्टाफ द्वारा सेवाभाव से किये गये कार्य की पीड़ित के परिजन द्वारा प्रशंसा की गई। इसी कड़ी में दिनांक 24 अगस्त की शाम समय 16:22 बजे डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर मे सूचना प्राप्त हुई कि जिला बिलासपुर में लगातार अत्यधिक बारिश होने से थाना रतनपुर क्षेत्र के ग्राम लिम्हा के एक घर में पानी भर गया है जिसमे परिवार के 1 माह के बच्चे सहित 7 महिलाएँ एवं बुजुर्ग फंसे हुए हैं।



## दशगात्र-श्रद्धांजलि



**स्व.श्री जोईधा राम वर्मा**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी **श्री जोईधा राम वर्मा** का आकस्मिक निधन दिनांक 06.08.2024, दिन मंगलवार को हो गया है, जिनका **दशगात्र** का कार्यक्रम दिनांक 15.08.2024 दिन गुरुवार को रखा गया है। अतः इस दुखद क्षण में सम्मिलित होकर दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

**कार्यक्रम स्थल: ग्राम-चरौदा(धरसींवा),रायपुर (छ.ग.)**
**तालाब का कार्यक्रम- दोपहर 12 बजे**

**शोकाकुल परिवार**
बद्री प्रसाद, भरत,रमेश, प्रदीप, बालकृष्ण, घनश्याम,लेखराम,लोकेश, रविकांत,टीनूकांत, पुष्कर, जितेश, पुणेन्द्र,उत्तम, पुष्पराज वर्मा
एवं समस्त वर्मा परिवार

**विनीत**
बसंत वर्मा(पुत्र)
सुशीलचंद्र वर्मा (पुत्र)
मो.9753777800

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26